केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

*अच्छे कर्म करते रहिए, श्रेय मिले ना मिले मन की सन्तुष्टि अवश्य मिलेगी।*

वर्ष : 16 अंक : 173 | उज्जैन, बुधवार 03 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की गतिविधियां आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार लाने में देती हैं महत्वपूर्ण योगदान : मुख्यमंत्री

### ग्राम विकास से संबंधित सभी विभाग समग्र ग्राम विकास की अवधारणा के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन करें सुनिश्चित



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्राम स्तर पर रोजगार सृजन, स्वच्छता और ग्रामों को सड़कों के माध्यम से विकास की मुख्य धारा में जोड़ने में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह गतिविधियां आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुसार वर्ष 2047 तक विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में इस विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों और योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा अनुवीक्षण में सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी अद्यतन तकनीकों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विधानसभा स्थित समिति कक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की उपलब्धियों और प्राथमिकताओं पर बैठक को संबोधित कर रहे थे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में महात्मा गांधी नरेगा, पंचायतराज, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की 2 वर्ष की उपलब्धियों और नवाचारों का प्रेजेंटेशन किया गया तथा आगामी कार्ययोजना के संबंध में निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ ही कृषि, सहकारिता, मत्स्य पालन तथा ग्राम विकास से संबंधित अन्य विभागों को सम्मिलित करते हुए समग्र ग्राम विकास की अवधारणा के अनुसार योजनाओं का समन्वित रूप से क्रियान्वयन किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना को गति देने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अर्ध शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों को सशक्त करते हुए उनके विकास के लिए कार्य योजना बनाई जाए तथा नगरीय निकायों के मध्य विद्यमान पंचायतें परस्पर समन्वय से सड़कें तथा अन्य आवश्यक अधोसंरचनाएं विकसित करें।

#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य शासन की दो वर्ष की उपलब्धियों के प्रेजेंटेशन में जानकारी दी गई

- प्रदेश में 922 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत से 2 हजार 472 ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन), 557 करोड़ रूपए लागत के 106 अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन) और 50 करोड़ रूपए लागत के 5 अटल जिला सुशासन भवन (जिला पंचायत भवन) स्वीकृत किए गए।
- 855 करोड़ रूपए लागत के 3 हजार 560 सामुदायिक भवन निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई।
- नर्मदा परिक्रमा पथ के 231 आश्रय स्थलों और 89 नदियों के उद्गम स्थलों पर पौध-रोपण कार्य के लिए 7 करोड़ 50 लाख रूपए के फेंसिंग कार्य स्वीकृत किए गए।
- प्रत्येक विधानसभा में मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के अंतर्गत 155 विधानसभा क्षेत्रों में ग्रामों का चयन किया जा चुका है।
- जल गंगा संवर्धन अभियान 2024 के अंतर्गत 1368 करोड़ रूपए के 60 हजार 428 कार्य किए गए। वर्ष 2025 के अंतर्गत 3 हजार करोड़ रूपए के कार्य लिए गए हैं।
- एक बगिया मां के नाम अंतर्गत 750 करोड़ रूपए लागत से 31 हजार 142 कार्य किए गए।
- महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 1897 लाख और वर्ष 2025-26 में 1404 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया।
- कैच द रेन अभियान के अंतर्गत प्रदेश के खरगौन जिले को नेशनल वाटर अवार्ड 2024 प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 1224 जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण कर वर्षा आधारित कृषि क्षेत्र में 6170 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा का सृजन किया गया, 67 कृषक सुविधा सह कस्टम हायरिंग सेंटर का निर्माण प्रचालन एफपीओ के माध्यम से किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाल में ड्राफ्ट लिस्ट से कट सकते हैं 43 लाख लोगों के नाम, करीब 1 लाख वोटर मिले फर्जी



**कोलकाता/ जीएनएस।** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मसौदा सूची में नाम कटने वाले मतदाताओं की संख्या बढ़ती जा रही है। चुनाव आयोग का कहना है कि अब तक एसआईआर में 43 लाख 30 हजार मतदाताओं के नाम कटने का हिसाब मिला है। आयोग सूत्रों के अनुसार फिलहाल यह गणना बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) से मिली जानकारी के आधार पर की गई है। उन्हें यह जानकारी घर-घर जाकर फार्म बांटते समय मिली। अंतिम सूची सभी गणना फार्म जमा होने के बाद उपलब्ध होगी। ऐसे में यह तय है कि सूची से बाहर किए गए मतदाताओं की संख्या और भी ज्यादा हो सकती है। आयोग 16 दिसंबर को मसौदा सूची प्रकाशित करेगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने कहा कि मसौदा मतदाता सूची में एक भी अवैध मतदाता का नाम नहीं होगा। वैध मतदाताओं के नाम नहीं छूटेंगे। आयोग को मिली जानकारी के अनुसार, जिन मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, उनमें से 21 लाख 45 हजार की मृत्यु हो चुकी है। पांच लाख 53 हजार मतदाताओं का पता नहीं चल सका है। जिनके नाम सूची से हटाए गए हैं, उनमें से 15 लाख 13 हजार स्थानांतरित हो चुके हैं। बीएलओ पते में बदलाव के कारण कई घरों में बार-बार जाने के बावजूद उनका पता नहीं लगा पाए हैं। जिन लोगों के नाम सूची से हटाए गए हैं, उनमें से 96 हजार 600 फर्जी हैं। आरोप है कि उनके नाम कई जगहों पर मतदाता सूची में हैं। उन फर्जी मतदाताओं की पहचान की जाएगी और उनके नाम सूची से हटा दिए जाएगे। राज्य में अब तक 90 प्रतिशत मतदाताओं की जानकारी का डिजिटलीकरण हो चुका है। आयोग के अनुसार, राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 76,637,529 है।

### कुत्तों को अंदर आने की इजाजत है... राहुल के बयान से आगबबूला हुई बीजेपी, भाजपा का करारा पलटवार



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी के संसद परिसर में आवारा कुत्ते के साथ पहुंचने का विवाद अब तूल पकड रहा है। दरअसल रेणुका ने कहा था कि जो काटते हैं, वे संसद के अंदर हैं। इस बयान के बाद एक-एक कर कई नेता इस बयानबाजी में शामिल हो गये। उधर मंगलवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मजाकिया लहजे में कहा कि पालतू जानवरों को विधानसभा के अंदर जाने की इजाजत है। संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने पूरे मामले को मजाकिया लहजे में लिया। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि आज कुत्ता ही मेन टॉपिक है। फिर मुस्कुराते हुए पूछा, बेचारे कुत्ते ने क्या किया? क्या वह यहां आया? क्या उसे आने की इजाजत नहीं है? जब एक पत्रकार ने बताया कि नियम पुस्तिका में इस बारे में कुछ साफ नहीं लिखा गया, लेकिन आम तौर पर पालतू जानवरों को परिसर में लाने की अनुमति नहीं होती, तो राहुल गांधी ने संसद भवन की ओर इशारा करते हुए कहा, लेकिन उन्हें अंदर जाने की इजाजत है। राहुल की बात सुनते वहां मौजूद सभी लोग ठहाका मारकर हंस पड़े। राहुल गांधी अपने पालतू कुत्ते 'पीडी' से बेहद लगाव रखते हैं और अक्सर उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी के इस बयान को संसद की मरिमा के खिलाफ बताया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, राहुल गांधी और रेणुका चौधरी के बयानों से पार्लियामेंट की मर्यादा और गरिमा को ठेस पहुंची है।

## NIA में आइसिस जांच अनुसंधान प्रकोष्ठ का बढ़ा दायरा, सरकार ने सांसद में दी जानकारी



सरकार ने मंगलवार को संसद में बताया कि NIA में आइसिस जांच अनुसंधान प्रकोष्ठ (आइआइआरसी) का दायरा आतंकवाद के अन्य क्षेत्रों तक बढ़ाने के साथ-साथ इसका नाम बदलकर आतंकवाद निरोधक अनुसंधान प्रकोष्ठ (सीटीआरसी) कर दिया गया है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि NIA में विशेष प्रभाग जैसे मानव तस्करी रोधी प्रभाग (एएचटीडी), साइबर आतंकवाद रोधी प्रभाग (एसीटीडी), वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) प्रकोष्ठ, वित्तीय विश्लेषण इकाई (एफएयू) और कानूनी विशेषज्ञों वाला एक विशेष प्रकोष्ठ भी बनाया गया है।

NIA का दायरा आतंकवाद तक बढ़ा- उन्होंने बताया कि बड़े डाटा विश्लेषण के लिए और विभिन्न जांच प्रक्रियाओं के स्वचालन व डिजिटलीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए एनआइए में एक विशेष इकाई - राष्ट्रीय आतंकवाद डेटा संलयन और विश्लेषण केंद्र (एनटीडीएफएसी) की स्थापना की गई है, जो पर्यवेक्षण को मजबूत करेगा और दक्षता, स्थिरता तथा जवाबदेही को बढ़ाएगा।

मंत्री ने बताया कि सरकार ने जनवरी 2018 में NIA में आइसिस जांच अनुसंधान प्रकोष्ठ (आइआइआरसी) बनाया है और आतंकवाद के अन्य क्षेत्रों तक इसका दायरा बढ़ाया गया है, साथ ही इसका नाम बदलकर आतंकवाद निरोधक अनुसंधान प्रकोष्ठ कर दिया है।

## महाराष्ट्र में तीन तलाक... शादी के तीसरे ही दिन पत्नी को दिया तलाक, पति के खिलाफ केस दर्ज




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की भिवंडी में उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक व्यक्ति के विरुद्ध अपनी नवविवाहिता पत्नी को दहेज के लिए परेशान करने और शादी के तीन दिन के भीतर उसे तीन तलाक देने को लेकर मामला दर्ज किया गया है।

ठाणे जिले की रहने वाली 25 वर्षीय महिला द्वारा रविवार को दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, 19 अक्टूबर 2025 को मोहम्मद राशिद से शादी करने और उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में उसके गांव नन्हुई जाने के तुरंत बाद से उसे ससुराल वालों से उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

दहेज के लिए उत्पीड़न का आरोप- महिला ने शिकायत में दावा किया कि ससुराल वाले उसके माता-पिता द्वारा दिए गए उपहारों से संतुष्ट नहीं थे। वे बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। महिला के अनुसार, उसके परिवार ने उसे सोने की एक अंगूठी, घड़ी और घरेलू सामान दिया था। इसमें अलमारी, बेड, सोफा, रेफ्रिजरेटर, एसी, वाशिंग मशीन और मिक्सर शामिल था। लेकिन ससुराल वाले इन चीजों से खुश नहीं थे। उसने आरोप लगाया कि अंततः उसके पति ने 21 अक्टूबर को तीन तलाक बोलकर उसे तलाक दे दिया। उसने मारपीट भी की।

शादी के तीन दिन में तलाक- महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने महिला के पति, उसके माता-पिता और दो बहनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

## बिना वैध सर्टिफिकेट के पूरे दिन उड़ता रहा विमान, इंजीनियर पर गिरी गाज; Air India के पायलटों पर कार्रवाई की तैयारी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** एअर इंडिया में एक गंभीर चूक सामने आई है, जहां एक Airbus A320 neo विमान को कई बार बिना वैध एयरवर्दीनेस सर्टिफिकेट के उड़ाया गया। मामले के सामने आने के बाद एअर इंडिया ने एक इंजीनियर को ग्राउंड कर दिया है और पायलटों पर संभावित कार्रवाई के लिए एक कमेटी बनाई है। DGCA इस पूरे मामले की जांच कर रहा है।

घटना 26 नवंबर को सामने आई, जब DGCA को पता चला कि विमान को कई कमर्शियल उड़ानों में इस्तेमाल किया गया जबकि उसका ARC समाप्त हो चुका था। यह विमान पहले विस्तारा के बेड़े में था और लंबे समय से ग्राउंडेड था। 24 नवंबर को एयरलाइन ने इसकी टेस्ट फ्लाइट दिल्ली के ऊपर की। इसके बाद इसी दिन विमान ने दिल्ली-बेंगलुरु-मुंबई रूट पर कमर्शियल उड़ान भरी। 25 नवंबर को भी विमान ने मुंबई-दिल्ली-मुंबई, मुंबई-हैदराबाद-मुंबई रूट पर कई उड़ानें भरीं। दिन के अंत में जब विमान में मेंटेनेंस किया गया, तब पता चला कि इसके पास वैध ARC नहीं था।

पायलटों पर कार्रवाई की तैयारी - घटना उजागर होने के बाद एअर इंडिया ने एक एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर को डि-रोस्टर कर दिया। इसके साथ ही एक फ्लाइट ऑपरेशन्स कमेटी बनाई गई है जो पायलटों पर कार्रवाई पर फैसला करेगी। कमेटी 6-8 पायलटों की भूमिका की जांच कर रही है।

उधर, एअर इंडिया के डायरेक्टर ऑफ फ्लाइट ऑपरेशन्स मनीष उप्पल ने सभी पायलटों को एक सख्त संदेश भेजा है, जिसमें कहा गया है कि उड़ान से पहले सभी जरूरी दस्तावेजों की वैधता जांचना अनिवार्य है।

### दहेज उत्पीड़न के आरोपों के बाद आइएएस अफसर की बेटी ने की आत्महत्या, मायके में फंदा लगाकर दी जान



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) अधिकारी की बेटी ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में अपने मायके में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलगिरी के पुलिस उपाधीक्षक मुरली कृष्ण के अनुसार, आइएएस अफसर की बेटी माधुरी सहितिबाई रविवार को अपने मायके में मृत मिलीं। कुछ माह पहले उसने दहेज उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। पुलिस के अनुसार, जब वह काफी देर तक बाथरूम से बाहर नहीं आईं तो दरवाजा तोड़ा गया। अंदर जाने पर फंदे से लटका पाया गया। पुलिस ने बताया कि सहितिबाईनंद्याल जिले के बेतनचारला मंडल के बुग्गनपल्ली स्थित अपने ही गांव के राजेश नायडू से प्रेम करती थी। उसने बीटेक की पढ़ाई भी कुछ विषयों में पास न होने के कारण बीच में छोड़ दी थी।

### मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद निर्माण की घोषणा के खिलाफ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर



**कोलकाता/ जीएनएस।** कलकत्ता हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच के सामने एक जनहित याचिका (पीआइएल) दायर की गई है, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर की उस घोषणा को चुनौती दी गई है, जिसमें उन्होंने सीमावर्ती मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद बनाने की बात कही है। कबीर ने हाल में घोषणा की थी कि मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखी जाएगी। छह दिसंबर को 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने की बरसी है। इस याचिका पर एक दो दिनों के भीतर सुनवाई की संभावना है।

याचिकाकर्ता सब्यसाची चट्टोपाध्याय - जो खुद कलकत्ता हाई कोर्ट के वरिष्ठ वकील हैं, ने अपनी याचिका में दावा किया है कि इस तरह की घोषणा के साथ ही इस मुद्दे पर विधायक कबीर द्वारा दिए गए भडकाऊ बयान राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव के माहौल को खराब कर सकते हैं। उन्होंने किसी भी बिगड़ती संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति को रोकने के लिए हाई कोर्ट के हस्तक्षेप की मांग की। दूसरी ओर, अपनी घोषणा पर अडिग मुर्शिदाबाद के भरतपुर से तृणमूल विधायक कबीर ने फिर कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह बाबरी मस्जिद बनवाने के लिए अपनी जान भी दे देंगे।

## पश्चिम बंगाल साधने की तैयारी में बीजेपी, इसी महीने PM मोदी और शाह करेंगे दौरा



**कोलकाता/ जीएनएस।** बिहार चुनाव के बाद अब भाजपा की नजर आगामी वर्ष होने वाले बंगाल विधानसभा चुनाव पर है। चुनाव अभियान को धार देने के लिए भाजपा ने अपनी रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

प्रदेश भाजपा के नेताओं के मुताबिक इसी माह के मध्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का बंगाल दौरा शुरू हो सकता है। इस समय बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआइआर) का कार्य चल रहा है, जिसमें नेता व कार्यकर्ता भी जुटे हुए हैं।

भाजपा की बंगाल चुनाव पर नजर- जानकारी के अनुसार, मोदी दिसंबर के तीसरे और शाह महीने के अंत में बंगाल के दौरे पर आ सकते हैं। हालांकि प्रदेश भाजपा का कहना है कि अभी आधिकारिक रूप से पीएम व गृहमंत्री के दौरे का कार्यक्रम नहीं बना है।

परंतु, खबर है कि शाह जनवरी 2026 से आचार संहिता लागू होने तक वे हर महीने दो दिनों के लिए बंगाल का दौरा करेंगे ,जिसमें वह कार्यकर्ताओं, बूथ स्तरीय टीम और संगठनात्मक नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे। इसके साथ ही बड़ी रैलियां, कोर कमिटी मीटिंग और चुनावी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा भी की जाएगी।

मोदी और शाह का बंगाल दौरा- भाजपा ने संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने के लिए बड़े बदलाव किए हैं। भूपेंद्र यादव को बंगाल का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। विप्लव देव सह-प्रभारी की भूमिका निभा रहे हैं। पार्टी ने छह राज्यों के संगठन मंत्रियों को बंगाल के पांच बड़े जोनों में जिम्मेदारी सौंपी है।

इसके साथ ही छह वरिष्ठ नेताओं को भी पांच महीनों के लिए बंगाल में तैनात किया गया है। ये सभी नेता बंगाल में रहकर चुनावी प्रबंधन को गति देंगे।

बूथ स्तर तक संगठन मजबूत- राढ़ बंग क्षेत्र की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री पवन साईं को दी गई है। उनके साथ उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत भी रहेंगे ताकि पुरुलिया, पश्चिम बर्द्धमान जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जमीन मजबूत की जा सके।

शहर के मध्य स्थित सर्वसुविधायुक्त
ओपन गार्डन रेस्टोरेंट
उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण सात्विक भोजन
हाइवे-27




HIGHWAY-27
बर्थडे किटी पार्टी सालगिरह व अन्य पार्टियोंके लिये सम्पर्क करें।
इन्दौर रोड, विक्रमादित्य हॉटल के पास, उज्जैन
8 6 0 2 1 5 5 7 6 6

# इंदौर विकास प्राधिकरण की बैठक में 80 करोड़ रुपए की विकास योजनाएँ मंजूर, लवकुश चौराहे पर कंक्रीट रोड निर्माण का फैसला







**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर विकास प्राधिकरण संचालक मंडल की बैठक आज 2 दिसंबर 2025 को संभागायुक्त एवं अध्यक्ष डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, विभिन्न विभागों के मुख्य अभियंता और द्रष्ठ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परिक्षित झाड़े सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

बैठक में शहर के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। टी.पी.एस.-04, टी.पी.एस.-10, टी.पी.एस.-01 चरण-IV सहित विभिन्न योजनाओं के लिए कुल लगभग 80 करोड़ रुपए की निविदाएँ स्वीकृत की गईं। साथ ही सुपर कॉरिडोर स्थित योजना 151 और 169-बी में 34 लाख लीटर क्षमता की ओवरहेड वाटर टंकी के निर्माण की मंजूरी भी दी गई। बाहरी विद्युतीकरण और रखरखाव कार्यों के लिए भी निविदाएँ पारित की गईं।

संचालक मंडल ने लवकुश चौराहे पर लेवल-2 फ्लायओवर से जुड़ी सड़कों पर बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए डामर रोड की जगह कंक्रीट रोड निर्माण के लिए अल्पकालीन निविदाएँ आमंत्रित करने का निर्णय लिया। इससे आवागमन सुगम होने की उम्मीद है।

बैठक में संपत्ति नीलामी नियमों में भी संशोधन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नीलाम की जाने वाली संपत्तियों की निक्षेप राशि 10त्न से कम करने का निर्णय लिया गया, जिससे अधिक निविदाएँ प्राप्त हो सकेंगी। साथ ही एकमुश्त लीजरेन्ट वसूली की पुरानी योजना को समाप्त कर नए प्रावधान लागू किए गए, जिसमें पट्टा भाटक मूल का चार गुना या बाजार मूल्य का 0.5त्न, जो कम हो, वही देय होगा।

IDA ने यह भी तय किया कि विभिन्न योजनाओं में आवंटित भूखंडों पर निर्धारित अवधि में निर्माण न करने वाले आवंटियों को नियमानुसार सूचना पत्र जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रकोष्ठ अधिनियम 2005 के अंतर्गत औपचारिकताएँ पूर्ण कर चुके प्रकरणों में भूस्वामी अधिकार प्रदान करने की मंजूरी दी गई।

प्राधिकरण के चालू बैंक खातों को बचत खातों में परिवर्तित करने का फैसला भी लिया गया, जिससे जमा राशि पर ब्याज प्राप्त हो सके। मानवीय आधार पर एक निर्णय में स्वर्गीय सुनील कुलकर्णी (पंच ऑपरेटर) को दिए गए फ्लैट अग्रिम की शेष राशि 1,53,111 रुपये माफ करने का निर्णय लिया गया।

योजना क्रमांक 166 और टी.पी.एस.-01 के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी चयन की निविदाएँ भी स्वीकृत की गईं। साथ ही शहर में भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के लिए IDA ने विशेष प्रयास करने का निर्णय लिया, ताकि पानी की उपलब्धता में दीर्घकालिक सुधार किया जा सके।

## मंडी प्रावधानों का उल्लंघन करने पर ज्योति इंडस्ट्रीज का लाइसेंस निलंबित

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी खंडवा के सचिव श्री ओ.पी. खेड़े ने बताया कि फर्म ज्योति इंडस्ट्रीज द्वारा कपास की खरीदी के एक मामले में मंडी के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर इनका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कृषक भगवान पटेल निवासी टाकलीकला से कपास की खरीदी करते समय फर्म ज्योति इंडस्ट्रीज द्वारा मंडी के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कुल कृषि उपज में से 4.14 क्विंटल कपास को गुणवत्ता संबंधी कमी बताकर मनमाने तरीके से उसके भाव कम किए गए तथा इसका भुगतान पत्रक भी जारी नहीं किया गया। इस संबंध में समाचार पत्रों के माध्यम से शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच की गई, तथा संबंधित फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्राप्त किया गया। जवाब असंतोषप्रद होने से ज्योति इंडस्ट्रीज का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट के अथक प्रयासों से सांवेर विधानसभा में लगातार विकास कार्यों की सौगात

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के अथक प्रयासों से सांवेर विधानसभा को एक और बड़ी सौगात मिली है। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ 45 लाख रुपये लागत की 23 सामुदायिक भवन एवं शेड निर्माण कार्यों की प्रदान की गई है। सांवेर क्षेत्र के ग्राम झलारिया, अजनोद, ब्राह्मणखेड़ी, कायस्थ खेड़ी, खजूरिया, खण्डेल, खाती पिपलिया, चित्तौड़ा, जम्बूडी सरवर, टाकुन, तराना, बरलाई जागीर, बालोदा टाकुन, बावलियाखेड़ी, बीज्जूखेड़ी, रिंगनोदिया, सेमल्या रायमल, सोलसिंदा और हिण्डोलिया में शेड निर्माण के लिये प्रत्येक ग्राम के लिये 10-10 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा ग्राम नाहरखेड़ा, पिवड़ाय और पंचोला में सामुदायिक भवन निर्माण एवं शेड निर्माण के लिये 15-15 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन कार्यों की निर्माण एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। मंत्री श्री सिलावट ने सांवेर विधानसभा को यह महत्वपूर्ण स्वीकृति देने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कलेक्टर श्री वर्मा से मिले नए प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा से आज राज्य प्रशासनिक सेवा के तहत चयनित 24 नए प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों ने कलेक्टर कार्यालय में मुलाकात की। इंदौर में प्रशिक्षण हेतु आए 24 डिप्टी कलेक्टर आज जनसुनवाई में भी उपस्थित रहे। उन्हें शहर की समस्याओं, जन अपेक्षाओं और प्रशासनिक समाधान प्रक्रिया से रूबरू कराया गया, ताकि वे अपने-अपने जिलों में बेहतर जनसुनवाई प्रणाली लागू कर सकें। कलेक्टर श्री वर्मा ने उन्हें प्रशासनिक व्यवस्थाओं और अपने अनुभवों के बारे में बताया। श्री वर्मा ने कहा कि वे अपने-अपने जिलों में जनकल्याण के कार्यों और सुशासन पर विशेष ध्यान दें। मानवीय संवेदनाओं का ध्यान रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

## इंदौर पुलिस कमिश्नर ने ऑपरेशन मुस्कान सहित उत्कृष्ट कार्यों के लिए 19 पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में बेहतर पुलिसिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए साप्ताहिक सम्मान कार्यक्रम के तहत आज 2 दिसंबर 2025 को पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने कुल 19 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें ऑपरेशन मुस्कान, अपराध नियंत्रण, तकनीकी सहायता, यातायात प्रबंधन और शिकायतों के त्वरित निराकरण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्य करने पर प्रदान किया गया। पलासिया स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर ने सभी पुरस्कृत पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनके कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को समर्पण और संवेदनशीलता के साथ निभाए, यही बेहतर पुलिसिंग की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। साथ ही उन्होंने सभी को इसी तरह आगे भी प्रेरणादायक कार्य करते रहने का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्रशासन/मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने पुरस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके जज्बे को सलाम किया।

सम्मानित पुलिसकर्मियों में ऑपरेशन मुस्कान के तहत कई अपहृताओं को दस्तयाब करने वाले आजाद नगर, एरोड्रम, राऊ और लसूडिया थाना क्षेत्रों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। सायबर सेल के पुलिसकर्मियों को तकनीकी साक्ष्य जुटाने और लोकेशन ट्रैकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया।

## जनसुनवाई में पुलिस कमिश्नर ने सुनी आमजन की व्यथा, अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के तहत पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह ने 2 दिसंबर 2025 को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में आए नागरिकों ने आपसी विवाद, पारिवारिक कलह, पैसों का लेन-देन, जमीन व प्लॉट धोखाधड़ी, सुनवाई न होने की शिकायतें, महिला अपराध और अन्य पुलिस संबंधी विषयों पर आवेदन प्रस्तुत किए। कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर पुलिस आयुक्त ने गंभीरता से सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कुछ शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित होने पर आवेदकों को संबंधित विभाग से संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही आगे बढ़ाने की समझाइश भी दी गई।

जनसुनवाई के दौरान अति पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) अमित सिंह सहित सभी ज़ोन के अधिकारी मौजूद रहे और पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार आवेदकों की समस्याओं को विस्तार से सुनकर समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

पुलिस का यह प्रयास जनहित से जुड़े मामलों की शीघ्र सुनवाई और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## इंदौर विकास प्राधिकरण में पहली जनसुनवाई सम्पन्न



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर विकास प्राधिकरण में आज पहली जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें कुल 17 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुंचे। मुख्य कार्यपालिक अधिकारी डॉ. परिक्षित झाड़े ने सभी आवेदनों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए तत्परता से समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान दो महत्वपूर्ण मामलों–लीज़ होल्ड से फ्री होल्ड में रूपांतरण तथा लंबित लीज़ रेंट–का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया।

जनसुनवाई में पहुंचे अधिकांश आवेदन संपदा शाखा से संबंधित थे, जबकि दो मामले भू-अर्जन शाखा से जुड़े हुए थे। अन्य प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में समाधान के लिए संबंधित शाखाओं को भेज दिया गया है।

प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप अब से प्रत्येक मंगलवार नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिससे नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## मिश्री जैसी मीठी है मराठी जीएसीसी में मराठी भाषा अध्ययन एवं संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय (जीएसीसी) इंदौर के मराठी विभाग द्वारा पांच दिवसीय मराठी भाषा अध्ययन एवं संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास (नई दिल्ली) की राष्ट्रीय संयोजक, महिला कार्य–सुश्री शोभा ताई पैठणकर ने कहा कि मराठी भाषा मिश्री जैसी मीठी और समृद्ध संस्कृति की वाहक है। उन्होंने संत ज्ञानेश्वर की ज्ञानेश्वरी और पसायदान में निहित मानवीय कल्याण के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए मराठी भाषा की गहराई और गरिमा को रेखांकित किया।

मुख्य वक्ता के रूप में महाराष्ट्र साहित्य सभा के अध्यक्ष अश्विन खरे ने मराठी बोलूया, मराठी वाढवूया विषय पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी भाषा को सीखने के लिए निरंतर अभ्यास, अध्ययन और संवाद आवश्यक है। उन्होंने मराठी के संवर्धन में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता चंद्रशेखर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय सदैव भाषा अध्ययन और संरक्षण के प्रति समर्पित रहा है और मराठी विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यशाला उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## इंदौर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः परदेशीपुरा क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के 84 रोल जब्त, दुकानदार गिरफ्तार



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में परदेशीपुरा थाना पुलिस ने प्रतिबंधित पतंग धागे की अवैध बिक्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 84 रोल चाइनीज मांझा जब्त किए हैं, जिनकी कीमत करीब 42,000 रुपये बताई जा रही है। आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। एसीपी परदेशीपुरा हिमानी मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी दीपक जामोद और उनकी टीम लालगली क्षेत्र में मोहल्ला समिति मीटिंग के दौरान निरीक्षण कर रही थी। तभी एक पतंग दुकान पर संदेह होने पर तलाशी ली गई। दुकानदार हीरालाल गौड (उम्र 66) द्वारा काटन धागे की आड़ में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा छुपाकर बेचा जा रहा था।

तलाशी में 84 रोल प्रतिबंधित धागा बरामद हुआ, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना परदेशीपुरा में अपराध क्रमांक 605/2025 धारा 223 BNS के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपी से अवैध मांझा के सप्लायर और स्रोतों के बारे में पूछताछ जारी है।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीपक जामोद, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह, दिनेश यादव, हितेंद्र चकोटिया, आरक्षक मोहर सिंह और बीट कर्मचारी दिनेश गोलाने की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि शहर में प्रतिबंधित मांझा की बिक्री और भंडारण पर आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

# कलेक्टर श्री वर्मा की संवेदनशील पहलः दिव्यांग सुनील नई पहचान के साथ लौटा सम्मान की मुख्यधारा में - बदली जीवन की झलक

**कलेक्टर शिवम वर्मा ने किसी को शिक्षा तो किसी को इलाज के लिए दी मदद**



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में जनसुनवाई संपन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री वर्मा ने आवेदकों की समस्याओं को पूर्ण मानवीय संवेदनाओं के साथ सुनकर उनका गंभीरता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया। इंदौर की जनसुनवाई मानवता का नया मंच बन रही है। आज भी एक ऐसा मामला दिखाई दिया, जब एक दिव्यांग के जीवन की झलक बदल गई, वह नई पहचान के साथ सम्मान की मुख्यधारा में वापस आया। जनसुनवाई में आज कलेक्टर श्री वर्मा ने किसी को उच्च शिक्षा तो किसी को इलाज के लिए मदद दी।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में हुई इस जनसुनवाई के दौरान आज एक दिल छू लेने वाला और मानवीय संवेदना से परिपूर्ण मामला सामने आया। जनसुनवाई में जब दिव्यांग नागरिक श्री सुनील आहूजा अत्यंत अस्त-व्यस्त अवस्था में अपनी समस्या लेकर पहुंचे, तो कलेक्टर श्री वर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल विशेष निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सुनील की हालात देखकर तुरंत निर्देश दिए कि सुनील को स्नान कराकर, दाढ़ीङ्क्कटिंग करवाकर, साफ-सुथरे नए वस्त्र उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वह सम्मानपूर्वक व व्यवस्थित रूप से रह सकें। उनके निर्देशों का पालन करते हुए सामाजिक न्याय विभाग ने महाकाल ग्रुप के सहयोग से तत्काल कार्रवाई की। महाकाल ग्रुप के श्री जेयू जोशी एवं उनकी टीम ने आगे बढ़कर सुनील आहूजा को स्नान कराया, उनकी ग्रूमिंग (दाड़ी, हेयर कटिंग) करवाई तथा नए वस्त्र पहनाए। कुछ ही समय में जो दिव्यांग अस्त-व्यस्त रूप में पहुंचा था, वह स्वच्छ, सुसज्जित और आत्मविश्वास से भरे स्वरूप में सभी के सामने उपस्थित हुआ। कलेक्टर श्री वर्मा ने इस दिव्यांग को मोट्रेट ट्रायसिकल और पेंशन भी स्वीकृत की।

यह पहल न केवल प्रशासन की संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि समाज में मानवता और गरिमा की पुनर्स्थापना की प्रेरक मिसाल भी है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सामाजिक न्याय विभाग व महाकाल ग्रुप के इस सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि ज़रूरतमंदों की गरिमा और सम्मान की रक्षा करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने जनसुनवाई में होनहार बालिका को दी उच्च शिक्षा के लिए सहायता- कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के समक्ष जनसुनवाई में एक होनहार बालिका रक्षा रँगानी पहुँची। उसने बताया कि मैं आईआईटी से एआई का कोर्स करना चाहती हूँ। मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। मुझे उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता की जरूरत है। कलेक्टर श्री वर्मा ने तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की। रक्षा रँगानी ने इस सहयोग के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। रक्षा ने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर जब वह सक्षम हो जाएगी और उसे आय प्राप्त होने लगेगी, तब वह भी अन्य ज़रूरतमंद बालिकाओं की सहायता करेगी।

## उत्तर रेलवे के धुरी स्टेशन पर ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उत्तर रेलवे के धुरी स्टेशन पर लाइनों L-5, L-4 और L-3 पर प्री-नॉन इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य करने के लिए राजपुरा - बठिण्डा सेक्शन में डबलिंग कार्य किया जाना है। इस कार्य के कारण रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनों के परिचालन पर अस्थायी प्रभाव पड़ेगा।

1. 22941 इंदौर - शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर एक्सप्रेस

08, 15, 22 एवं 29 दिसम्बर, 2025 तथा 05, 12, 19, 26 जनवरी, 2026 एवं 02 फरवरी, 2026 को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22941 इंदौर - शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया नई दिल्ली ङ्क अंबाला कैंट - लुधियाना होकर चलेगी।

2. 22942 शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर - इंदौर एक्सप्रेस

03, 10, 17, 24 एवं 31 दिसम्बर, 2025 तथा 07, 14, 21, 28 जनवरी, 2026 एवं 04 फरवरी, 2026 को ऊधमपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22942 शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर - इंदौर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया लुधियाना - अंबाला कैंट नई दिल्ली होकर चलेगी। ट्रेनों की आगमन/प्रस्थान समय सहित अन्य अद्यतन जानकारियों के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## 76 हजार टीबी मरीजों का खुलासा, 2025 का लक्ष्य फेल! इंदौर में 1,833 मौतों ने हिलाया सिस्टम

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री द्वारा साल 2025 तक टीबीमुक्त भारत बनाने की घोषणा के सात वर्ष बाद भी इंदौर में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। 2018 में अभियान शुरू होने से अब तक इंदौर में 76,549 नए टीबी मरीज सामने आ चुके हैं, जो यह संकेत देता है कि लक्ष्य काफी पीछे छूट गया है। हर साल औसतन 7-8 हजार नए रोगी मिल रहे हैं। इनमें से 1,833 मरीजों की मौत भी दर्ज की जा चुकी है, जो अभियान की सफलता पर सवाल खड़े करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि उपलब्ध इलाज और साधनों के बावजूद मौतों का यह आंकड़ा बेहद गंभीर है।

देशभर में बढ़ता टीबी का बोझ, इंदौर का योगदान भी बड़ा- इंदौर सहित पूरे देश में टीबीमुक्त भारत अभियान चलने के बावजूद राष्ट्रीय टीबी आंकड़ों में लगातार वृद्धि देखी गई है।

वर्ष 2021 में जहां 21 लाख मरीज थे, वहीं 2022 में 28 लाख, 2023 में 25 लाख, 2024 में 26 लाख और 2025 में अब तक 26 लाख मरीज दर्ज किए जा चुके हैं। डाक्टरों की मानें तो वर्ष के अंत तक यह संख्या 30 लाख तक पहुंच सकती है। इन बढ़ते आंकड़ों में इंदौर का योगदान भी बड़ा है, क्योंकि यहां हर वर्ष हजारों मरीज सामने आ रहे हैं। उपलब्ध दवाएं और सुविधा केंद्र होने के बावजूद 1,833 मौतें अभियान को लगभग असफल साबित कर रही हैं।

टीबी जांच के 44 केंद्र सक्रिय, इलाज और आर्थिक सहायता भी उपलब्ध- इंदौर में सामान्य टीबी की जांच 44 माइक्रोस्कोपी सेंटरों में की जाती है। अभियान शुरू होने से अब तक 76,549 सामान्य टीबी मरीज मिले हैं।

## 27 साल के युवक को बीच सड़क आया मौत का साइलेंट अटैक



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के जनता क्वार्टर क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक 27 वर्षीय युवक की सड़क पर चलते-चलते अचानक मौत हो गई। युवक अपनी पंचर एक्टिवा को धक्का देकर सुधारने के लिए ले जा रहा था, तभी उसे संभवतः साइलेंट हार्ट अटैक आया। वह सड़क पर गिरा और फिर दोबारा नहीं उठ सका। राहगीरों की मदद से उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सीसीटीवी में कैद हुई घटना- यह पूरी घटना पास ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि युवक अपने घर से करीब 300 मीटर दूर स्थित दुकान की ओर गाड़ी ले जा रहा था। गाड़ी को धक्का देते हुए वह कुछ दूर चला और फिर अचानक रुक गया। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह काफी हांफ रहा था और उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। उसने खुद को संभालने की कोशिश की, लेकिन वह लड़खड़ाया और वहीं खड़ी एक कार के पास गिर गया।

मौत का कारण हार्ट अटैक बताया - परदेशीपुरा पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान जनता क्वार्टर निवासी 27 वर्षीय विनीत पिता संजय के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच और डॉक्टरों की रिपोर्ट के अनुसार, विनीत की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की आगे की जांच की जा रही है। कम उम्र में हार्ट अटैक से हुई इस मौत ने क्षेत्र के लोगों को स्तब्ध कर दिया है।

# जनसुनवाई में दिव्यांग पंकज को स्वरोजगार के लिए कलेक्टर ने दिलाया रेडक्रास से लेपटाप

**एम.पी.ऑनलाईन का पंजीयन जारी करने के भी दिए निर्देश**

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनसुनवाई की। उन्होने जावद निवासी दोनो पैरो से चलने में असमर्थ बी.सी.ए.उत्तीर्ण दिव्यांग पंकज बोहरा को कम्पूयटर से संबंधित स्वरोजगार के लिए रेडक्रास नीमच से लेपटाप क्रय करने हेतु सहायता राशि स्वीकृत की है। साथ ही पंकज बोहरा को एम.पी.ऑनलाईन का कार्य करने के लिए एम.पी.ऑनलाईन का पंजीयन करवाकर, पंजीयन पत्र तत्काल जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर ने ई-गर्वेनेंस जिला प्रबंधक को दिए है। कम्प्यूटर संचालन में दक्ष दिव्यांग पंकज बोहरा कलेक्टर से जनसुनवाई में मिली इस मदद से अपना स्वयं का एम.पी.ऑनलाईन का कार्य कर, आत्मनिर्भर बन सकेगा और अपना व अपने परिवार का अच्छे से गुजर बसर कर सकेगा।



कलेक्टर ने जनसुनवाई में कनावटी के हरिओम पाटीदार के आवेदन पर जेल के पास कनावटी की गाडोलिया बस्ती में मुख्य सड़क के दोनो ओर किए गये अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश भी तहसीलदार नीमच शहर को दिए है।

जनसुनवाई में 55 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में इंद्रा नगर नीमच के माणकचंद, नयागांव के राजू धाकड़, गुजरखेडी तालाब के दिनेश धाकड, नीमच सिटी के जगदीश खरारे, किशनपुरा के कमलेश, बिसलवास खुर्द के जानकीलाल, सुरजमल, नीमच के शंकरलाल, धनेरियाकलां की ममता बाई, जवाहर नगर नीमच के रमेशचंद्र, नीमच की परवीन बी, गिरदौडा के रूपचंद्र, अठाना की गुड्डीबाई, जनकपुर के सुभाष पाटीदार, मनासा के राधेश्याम ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

इसी तरह सरवानिया महाराज की नंदूबाई, नयागांव की सम्पतबाई, बोरखेडी पानेडी जगदीशचंद्र, बराडा के रामगोपाल, मौखमपुरा की अख्तरबाई, धनेरियाकलां की पार्वतीबाई, नीमच के छोटेलाल, बिसलवास की प्रेमबाई, नीमच के मुस्तकिम, ईस्माईल खान, कंजार्डा के हीरालाल, मरीरिया के यूनूस बेग, घोटा पिपलिया के किशोरदास, नयागांव के सत्तु धाकड़, मनासा की अन्नपूर्णा बाई आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।

## मादक पदार्थ तस्करी प्रकरण में आया नया मोड़, नीमच के सीबीएन कार्यालय पहुंचे करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर

**अधिकारियों से की मुलाकात, निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की उठाई मांग**



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर जिले के पिपलियामंडी निवासी गोरधन सिंह पर दर्ज मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सोमवार को नया मोड़ आया, जब करणी सेना प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और परिजनों के साथ सीबीएन कार्यालय नीमच पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की।

जीवन सिंह शेरपुर ने अधिकारियों को बताया कि गोरधन सिंह षड्यंत्रपूर्वक फंसाया गया है तथा उनका न तो कोई आपराधिक रिकॉर्ड है और न ही किसी तरह की तस्करी गतिविधि से संबंध। उन्होंने इस कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण और मनमानी बताते हुए जांच में न्यायसंगत दृष्टिकोण अपनाने की मांग की।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व किसान नेता श्यामलाल जोकचंद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भी ज्ञापन सौंपकर बताया था कि गोरधन सिंह एक साधारण मजदूर है, जो गिट्टी-मोरम सप्लाई कर परिवार का भरण-पोषण करता है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के साथ ही उसका कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है।

CBN कार्यालय पर करणी सेना ने स्पष्ट रूप से कहा कि मामले की जांच में तथ्यात्मक एवं वैज्ञानिक विधि अपनाई जाए। अधिकारियों ने बताया कि जांच प्रक्रिया में लगभग डेढ़ माह का समय लग सकता है।

शेरपुर ने आग्रह किया कि आरोपों की निष्पक्ष जांच कर गोरधन सिंह को न्याय दिलाया जाए। इस दौरान गोरधन सिंह के परिजन, समाजजन और करणी सेना के अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में 71 आवेदन पर हुई सुनवाई

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह एवं सी ई ओ जिला पंचायत वैशाली जैन आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 71 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। आवेदक श्रीनय बिल्डर्स भागीदार ओमप्रकाश पिता मोहनलाल निवासी खाचरोद रोड जनता परिसर ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा 16.04.2025 को स्वास्तिक वाणिज्यिक कॉलोनी विकसित किए जाने के लिए अनुमति चाही गई किन्तु अभी तक प्रार्थी को विकास अनुमति प्राप्त नहीं हुई है। आवेदक ने स्वीकृत अभिन्यास अनुसार वाणिज्यिक कॉलोनी विकसित करने की अनुमति के लिए आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु पी ओ डूडा को निर्देशित किया गया। आवेदक श्री राजेश दसेडा निवासी कोठी बाजार जावरा ने आवेदन दिया कि उनकी जमीन ग्राम उखेडियां में स्थित है जमीन के नामांतरण हेतु आवेदन दिया किन्तु अभी तक नामांतरण नहीं हों पाया है। कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। आवेदक प्रेमशंकर पिता रामगोपाल शर्मा निवासी रतलाम ने आवेदन दिया कि उनकी अनुपस्थिति में भू-स्वामित्व योजना अंतर्गत उनकी भूमि त्रुटिवश शम्भूलाल व दुर्गा बाई के नाम दर्ज हो गई है ।

## डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई के अंतर्गत आवंटित निधि को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीमी) के अंतर्गन आवंटित धनराशि के उपयोग को लेकर लोकसभा में प्रश्न किया। उन्होंने कहा कि कई राज्यों ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीमी) के अंतर्गन आवंटित धनराशि का उपयोग नहीं किया है और अब तक आवंटित बजट का केवल लगभग 59 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है और सरकार ने उक्त सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करने और इसकी गति बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए है। सरकार का विचार डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई के दूसरे चरण का विस्तार करने का है और उक्त योजना के अंतर्गत आवंटित धनराशि का पूर्ण और समय पर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए किए गए / प्रस्तावित उपाय क्या है।

प्रश्न के जवाब में ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी ने बताया कि डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के अंतर्गत, भूमि संसाधन विभाग ने 12972.86 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्साः 8487.97 करोड़ रुपये) की कुल लागत से 28 राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्रों को 52.93 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करने वाली कुल 1220 वाटरशेड विकास परियोजनाओं की मंजूरी दी है। अब तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 5498.62 करोड़ रुपये (64.78%) का केंद्रीय हिस्सा जारी किया गया है और 8082.52 करोड़ रुपये (राज्य के हिस्से सहित) का उपयोग हुआ है, जो कुल परियोजना लागत का 62.30% है।

# पशुओं के कान पर टेग लगवाएँ पशुपालन विभाग की सेवाओं का लाभ ले

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्व्यापी पशु रोग नियंत्रण कार्यकम तथा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम भारत पशुधन पोर्टल पर पशुओं के कान में लगे बारह अंक के टेग के आधार पर की जाती है जो उस युनिक पहचान नम्बर है। यह पोर्टल पशु को दी गई समस्त सेवाओं को सुरक्षित रखता है तथा समय-समय इसे देखा जा सकता है तथा भविष्य के सन्दर्भ में उपयोग किया जा सकता है।

उपसंचालक डॉ.राजेश कुमार पाटीदार ने बताया, कि मध्यप्रदेश शासन के नवीनतम निर्देशों के अनुसार प्रदेश के प्रत्येक पशु के कान पर टेग लगा होना आवश्यक है यदि पशु के कान में पूर्व से टेग लगाया और गुम गया या टूट गया है या नम्बर अपठनीय है तो उनके स्थान पर नवीन टेग लगवाए। इस हेतु विभागीय कर्मचारी, गौसेवक मैत्री पशुपालक के घर आएगें और पशुओं के टेग लगाने का कार्य करेगें। इस कार्य में उन्हें सहयोग करें ताकि आपके पशु के प्रजनन, टीकाकरण, स्वास्थ्य आदि की जानकारी भारत पशुधन पोर्टल पर दर्ज कर संरक्षित की जा सके।

पशु टेग से मिली भैसः- वर्ष 2020 में मनासा विकासखण्ड के ग्राम पंचदेवरा निवासी श्री मदनचन्द्र गुर्जर की दो भैंस जंगल से गुम गई थी। एक लाख कीमत की दोनो भैंसे बहुत ढूंढने पर भी नहीं मिली। इसी दौरान भीलवाडा के पशु चिकित्सा अधिकारी उप संचालक डॉ.राजेश पाटीदार को फोन आया और बताया, कि हमारी संस्था में दो भैंस बांध रखी है, जिनके कान में टेग लगे है और जब पोर्टल पर टेग नम्बर के आधार पर पशु मालिक का नाम सर्च किया, तो आपके जिले के मनासा विकासखण्ड की बता रहा है, तब मैंने रोजगार सहायक के माध्यम से पशुपालक की पुष्टी कर उसे सूचना की, तो उसे विश्वास ही नहीं हुआ, कि ऐसा भी हो सकता है, तब पशुपालक पीकअप लेकर भीलवाडा गया और अपनी दोनो भैंसे लेकर आ गया। यह फायदा भी टेग लगे होने के कारण ही हुआ है और पशुपालक को टेग लगे होने के कारण अपनी गुम हुई, दोनो भेस आसानी से वापस मिल पाई है। अतः सभी पशुपालक अपने पशुओं को टेग अवश्य लगवाएं।

# जननी सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की समग्र आईडी बनाने, सोमवार को पंचायतों में विशेष शिविर लगेंगे- श्री चंद्रा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जननी सुरक्षा योजना के तहत लंबित राशि भुगतान के प्रकरणों के निराकरण के लिए आगामी सोमवार को सभी ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश स्वास्थ विभाग एवं पंचायत सचिवों को दिए है। इन शिविरों में ए.एन.एम., संबंधित हितग्राहियों की सूची पंचायत सचिवों को उपलब्ध करवाकर, समग्र आईडी बनवाने का कार्य करेगी। जनपद सीईओ एवं बी.एम.ओ. समग्र आईडी बनाने के कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा करेगे। एसडीएम को भी उक्त कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गये है। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जनपद सीईओ को दिए गये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।




बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि टीकाकरण दिवस आगामी शुक्रवार को भी स्वास्थ कार्यकर्ता, आशा, ए.एन.एम., टीकाकरण कार्य के साथ ही शेष हितग्राहियों की समग्र आई.डी.बनवाने का कार्य पंचायत सचिव से सहयोग से करेगी।

राशन दुकानों पर शतप्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करें- बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए, कि वे अपने क्षेत्र की राशन दुकानों पर 100 प्रतिशत हितग्राहियों को प्रतिमाह खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करवाएं। उन्होने 95 प्रतिशत से कम वितरण करने वाली दुकानों को चिन्हित कर आवश्यक जांच कर, कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा,कि प्रत्येक दुकान से प्रतिमाह न्यूनतम 95 प्रतिशत राशन वितरण अनिवार्य रूप से हो।

कलेक्टर ने समाचार पत्रों में 25 नवम्बर को शासकीय प्राथमिक विद्यालय नीमच सीटी में विद्यार्थियों से झाडू लगवाकर साफ-सफाई करवाने संबंधी समाचार पर तत्काल जांच कर, संबंधित दोषी शिक्षक को निलंबित करने के निर्देश दिए। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया,कि संबंधित संस्था प्रमुख व शिक्षक का कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया गया है। संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होने पर संबंधितों के विरूद्ध विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन रोकने पर होगी सख्त कार्यवाही-कलेक्टर अदिति गर्ग



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन ने 65 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना किसी अधिकृत कारण के किसी भी सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी की पेंशन नहीं रोकी जाए। पेंशन में अनावश्यक विलंब या रोक लगाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में पेंशन की कोई फ़ाइल अथवा कैश लंबित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि यदि किसी सेवानिवृत्त अधिकारी या कर्मचारी की पेंशन रोकी जाती है, तो सेवानिवृत अधिकारी या कर्मचारी इसकी तुरंत शिकायत जिला स्तरीय जनसुनवाई में करें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## शामगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस में 13 वर्ष से फरार दो आरोपी पकड़े




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शामगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक बोरोसी एवं उनकी पुलिस टीम ने मादक पदार्थ के अवैध परिवहन प्रकरण में 13 वर्ष से फरार दो आरोपियों को आरोपी को पकड़ा है। दोनों वर्ष 2012 से लगातार फरार थे। पुलिस के अनुसार मादक पदार्थ तस्करी में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मुखबीर सूचना पर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक बोरासी एवं टीम ने कार्रवाई कर आरोपी ताराचन्द पिता लक्ष्मीनारायण तिवारी 52 वर्ष निवासी शामगढ़ को पकड़ा है। इसके अलावा रामप्रकाश उर्फ प्रकाश गंजा पिता मांगीलाल बलाई 53 वर्ष निवासी आलमगढ़ शामगढ़ को भी गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण अनुसार 2012 से फरार आरोपी ताराचन्द एवं रामप्रकाश का स्थाई वारंट 29 नवंबर 2025 को जारी किया गया था। तामिली हेतु शामगढ़ थाने पर वारंटी प्राप्त हुआ। मुखबीर सूचना पर दोनों आरोपियों की धरपकड़ कर गिरफ्तारी की गई। इस कार्य में उपनिरीक्षक राजूसिंह अहिरवार, प्रआर धनपाल जाट, आरक्षक विशाल सिंह चंद्रावत, हीरालाल यादव शामिल रहे।

## मॉडल मार्ग की कवायद, अतिक्रमण हटाया तो महिलाओं ने सड़क पर दिया धरना



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रशासन द्वारा आदर्श रोड निर्मित करने की पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। मंगलवार को पटेल चौराहे से गांधी चौराहे तक सड़क के दोनों छोर पर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया है।

दशपुर कुंज के बाहर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पहुंचने के समय महिलाओं ने हंगामा कर दिया। रोटी-भाजी बनाने वाली महिलाएं सड़क पर बैठ गई व एक साईड का रोड जाम कर दिया। हो हल्ला होने पर सुरक्षा हेतु प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। हालांकि, यह अघोषित धरना आदर्श रोड निर्माण की रा में रोड़ा रहा है, इस कारण जनप्रतिनिधि और अधिकारी द्वारा महिलाओं को आश्वस्त नहीं किया जा सका। सुबह दस बजे से दोपहर चार बजे तक चले अघोषित सड़क पर धरने में धीरे-धीरे महिलाओं की संख्या कम होती चली गई। शाम चार बजे धरना स्वतः समाप्त हो गया। शाम तक करीब 30 से 35 ठेले गुमटियां इस मार्ग में हटाई गई है। दशपुर कुंज के बाहर सीमेंट की कुर्सियां भी हटाई गई। कार्रवाई में तहसीलदार, सीएसपी, यातायात थाना प्रभारी एवंनपा अधिकारी कर्मचारी सहित बल मौजूद रहा। गौरतलब है कि दशपुर कुंज के बाहर रोटी-भाजी बनाने वाली महिलाओं व अन्य खाद्य वस्तुओं के ठेलेवालों ने अच्छा खासा सड़क पर अतिक्रमण किया था। इस कारण भी सड़क पर यातायात बाधित होता रहा है। पूर्व में सीएमओ रहीं सविता प्रधान के कार्यकाल में दशपुर कुंज के बाहर इन ठेलों व गुमटियों वालों को पूर्णताः हटा दिया गया था। बाहर पत्थर की कुर्सियां लगा दी गई थी, ताकि अतिक्रमण नहीं हो सके। लेकिन, समय के साथ फिर से दशपुर कुंज के बाहर अस्थाई ठेले खड़े हो गए। बाद में ये स्थाई हो गए।

## पण्डरीनाथ व श्रीनाथ मंदिरों की भूमि का उपयोग कर मेले से की गई कमाई की राशि का उपयोग इन मंदिरों के जीर्णोद्धार में हो

**पार्षद संगीता गोस्वामी ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर की मांग**



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 2 दिसम्बर को वार्ड नं. 26 की पार्षद संगीता गोस्वामी द्वारा अपने प्रतिनिधि शैलेन्द्र गोस्वामी के माध्यम से कलेक्टर अदिति गर्ग को उनके कार्यालय में ज्ञापन देकर भगवान पशुपतिनाथ मेला आयोजन में उपयोग की गई अन्य मंदिर की भूमि से प्राप्त आय संबंधित मंदिर के जीर्णोद्धार में उपयोग करने की मांग की।

ज्ञापन में श्रीमती गोस्वामी ने कहा कि वर्तमान में नगरपालिका परिषद मन्दसौर द्वारा भगवान पशुपतिनाथ मेले का आयोजन किया गया है। उक्त मेले के आयोजन में श्री भगवान पंडरीनाथ मंदिर की भूमि, श्रीनाथ मंदिर की भूमि व ढाई दिन का झोपड़ा जिसके प्रबंधक कलेक्टर महोदय है उक्त भूमि का उपयोग नगरपालिका परिषद मन्दसौर द्वारा मेले में किया गया है जिससे नगरपालिका को लगभग 1.5 करोड़ की आय प्राप्त हुई है। वर्तमान में दोनों मंदिर क्षतिग्रस्त होकर रंगाई पुताई का कार्य भी होना आवश्यक है। अन्यथा उक्त मंदिर धीरे-धीरे पुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर गिरने जैसी स्थिति में आ जायेगे। उक्त दोनो मंदिरो एवं ढाई दिन का झोपडा से वर्तमान मेले में प्राप्त आय का उपयोग उक्त दोनों मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं ढाई दिन का झोपड़ा के तार फेंसिंग में लगाया जाये ताकि दोनों मंदिरों को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके। पार्षद श्रीमती गोस्वामी ने कहा कि नगरपालिका हर वर्ष मेला आयोजन कर उक्त मंदिरों की भूमियों पर कमाई करती है लेकिन इन मंदिरों पर एक रूपया भी खर्च नहीं करती है जबकि जिस मंदिर की भूमि के माध्यम से कमाई की जा रही है उसका कुछ अंश मंदिर के जीर्णोद्धार एवं विकास हेतु अवश्य खर्च करना चाहिये जिससे मंदिरों का संरक्षण हो सके।

# कलेक्टर ने मनरेगा के कार्य, पीएम आवास, पौधारोपण, डैम, गोशाला का निरीक्षण किया

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर अदिति गर्ग एवं सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने ग्राम कोलवा, लील्दा और पाड़लिया मारू में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा, पीएम आवास, सरोवर निर्माण, पौधारोपण, वाटरशेड कार्य, डैम और गौशाला संचालन की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

ग्राम कोलवा में कलेक्टर ने हितग्राही रमेश सूर्यवंशी का पीएम आवास देखा। कोलवा में मनरेगा के तहत नंदन फलोद्यान योजना में सीताफल के पौधे लगाए गए हैं तथा वाटरशेड विकास परियोजना के अंतर्गत वृक्षारोपण और कंटूर निर्माण किया गया है। कलेक्टर ने इन कार्यों की सराहना की। कलेक्टर गर्ग ने श्री श्याम कुटिया गौशाला का निरीक्षण किया, जहाँ 140 गायों की देखभाल की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम सचिव गौशाला को मिलने वाली राशि समय पर जारी करें और पशुपालन विभाग के डॉक्टर नियमित रूप से पशुओं की जांच एवं उपचार सुनिश्चित करें। उन्होंने गोबर खाद संग्रहण स्थल का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम कोलवा में निर्मित कृषक सुविधा केंद्र का निरीक्षण करते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसानों को इस केंद्र से जोड़ा जाए, जिससे उन्हें कम दर पर कृषि उपकरण उपलब्ध हो सकें। इस दौरान उन्होंने केंद्र से जुड़े स्व-सहायता समूहों से चर्चा कर उनके कार्यों—राशन दुकान संचालन, दूध उत्पादन, पशुपालन और मध्यान्ह भोजन—की सराहना की। साथ ही आंगनवाड़ी में बच्चों की उपस्थिति और व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। ग्राम लील्दा में कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया और बाद में गांव के किनारे निर्मित डैम का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जल समिति के माध्यम से जन भागीदारी बढ़ाते हुए डैम के जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा। पाड़लिया मारू की ग्राम पंचायत के अंतर्गत खंडेरिया मारू गांव में वाटरशेड विकास योजना के तहत निर्मित डैम का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया।

# सम्पादकीय

## दिव्यांगता नहीं, विकलांग सोच- समाज की असली बाधा

अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस, तीन दिसंबर वह दिन है जब दुनिया एक क्षण को ऐसा व्यवहार करती है मानो उसकी अंतरात्मा अचानक जाग उठी हो। मानो सामूहिक नींद से उठकर उसे एक पूरे समुदाय का खयाल अचानक याद आ गया हो। सुबह होते ही सोशल मीडिया नीले-पीले रिबन और चमकदार हैशटैग से पट जाता है। सेलिब्रिटी अपनी सतही संवेदनाएँ उछालते हैं दिव्यांग नहीं, दिव्य-अंग! जैसे यह जुमला उनके भीतर किसी गहरी समझ का आलोक जगाता हो। सरकारी दफ्तरों में घिसी-पिटी भाषण-पुस्तिकाएँ खुलती हैं, स्कूलों में औपचारिक प्रतियोगिताएँ होती हैं, और शाम तक संवेदना का रंग उतनी ही जल्दी फीका पड़ जाता है जितनी जल्दी चढ़ा था। अगले दिन फिर वही पुराना अँधेरा, वही घिसी अनदेखी। यह दिन अब अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस कम, अंतर्राष्ट्रीय पाखंड दिवस ज्यादा है जहाँ एक दिन की मिठी भावुकता पूरे साल की बेरहम उदासीनता को ढकने की नाकाम कोशिश करती है।

समाज जिस समूह को कमज़ोर मानता है, उस समूह की कहानियाँ असल में किसी भी क्रांति से कम नहीं। जिन्हें डॉक्टरों ने जन्म के साथ ही सीमाओं की सजा सुना दी थी चल नहीं पाएगा, कर नहीं पाएगा वे अपनी व्हीलचेयर को संघर्ष नहीं, बल्कि गति, जिजीविषा और आज़ादी का प्रतीक बना देते हैं। जिनसे स्कूलों ने कहा रैम्प नहीं है, पढ़ाई मुश्किल होगी वे सीढ़ियों पर नहीं, सोच की अड़चनों पर चढ़कर दिखाते हैं कि असली सीमा इमारत की है, इंसान की नहीं। जिन पर यह ठप्पा लगाया गया तुम किसी को खुश नहीं रख सकते वे प्रेम को इतनी गहराई से जीते हैं कि शरीर की सभी सीमाएँ उसमें विलीन हो जाती हैं।

इस दुनिया की सबसे बड़ी समस्या विकलांगता नहीं, बल्कि वह विकलांग सोच है जो इंसान को उसकी आत्मा के उजाले के बजाय शरीर की सीमाओं से तोलने लगती है। वही सोच, जो करुणा के नाम पर सहानुभूति को मोहरा बना लेती है नौकरी देने के वक्त हिचकिचाती है, पर दिखावे की तारीफ़ करने में सबसे आगे रहती है। जो सामने मुस्कुराकर कहती है, आप सच में प्रेरणा हैं, लेकिन अवसर देने की ज़िम्मेदारी आते ही अपनी आँखें, अपने दरवाज़े और अपना मन तीनों बंद कर लेती है और उसके बहाने आसमान छूने लगते हैं। समाज शाबाशी देने में उदार है, लेकिन बराबरी देने में कंजूस; मुस्कान बाँटने में उदार है, पर जिम्मेदारी सौंपने में डरपोक। ऐसी सोच न सिर्फ़ विकास रोकती है, बल्कि उस समाज की असली पहचान खोल देती है जहाँ इंसानों को नहीं, उनकी सीमाओं को देखा जाता है।

दया एक मीठा-सा ज़हर है ऊपर से मीठा, भीतर उतरते ही काटने वाला। वही लोग जो व्हीलचेयर धकेलने में सौजन्य दिखाते हैं, वही लोग ऑफिस में वही व्यक्ति अपनी कुर्सी पर बैठा देखकर असहज हो जाते हैं। मंचों पर ताली बजाकर उन्हें हीरो कहा जाता है, लेकिन रोज़मर्रा की ज़िंदगी में वही लोग उन्हें एक आम इंसान की तरह स्वीकार करने में काँपने लगते हैं। विशेष कहना दरअसल समाज का बचाव- कवच है एक सुविधाजनक बहाना। विशेष को पूजना आसान पड़ता है, क्योंकि उसके लिए कोई बदलाव नहीं माँगता। कठिनाई तब आती है जब बात रैम्प बनाने, बसों को सुलभ करने, दफ़्तरों और वेबसाइटों को सचमुच उपयोगी बनाने की हो क्योंकि इसमें मेहनत चाहिए, नज़र का बदलाव चाहिए, और सबसे बढ़कर, बराबरी की वह ईमानदारी चाहिए जिससे समाज अक्सर बच निकलता है।

सच यह है कि असली अपराध किसी व्यक्ति में नहीं, उस व्यवस्था में छिपा है जो उसे रोकती है। अपराध वे सीढ़ियाँ हैं जो एक इंसान की गति को नहीं, उसके अधिकार को रोकती हैं। अपराध वे बसें हैं जिनके दरवाज़े इतने संकरे हैं कि मानो गरिमा को ही बाहर छोड़ कर चढ़ना पड़े। अपराध वे वेबसाइट्स हैं जो तकनीक की प्रगति का ढोल तो पीटती हैं, पर स्क्रीन रीडर की मौजूदगी तक को अनदेखा कर देती हैं। अपराध वे नौकरी फॉर्म हैं, जो क्या आप दिव्यांग हैं? पूछते ही जवाब दिए बिना ही किसी का भविष्य सीमाओं में बाँध देते हैं। अपराध दरअसल वह मानसिकता है जो विशेष कहकर अलगाने को सुविधा मानती है, जबकि ज़रूरत सुविधा की नहीं खरी, बराबर अवसरों वाली समानता की है।

इन सबके बावजूद, यह समुदाय टूटता नहीं। टूटना उसकी नियति ही नहीं, उसकी परिभाषा में नहीं। इनकी ज़िंदगी प्रेरक कहानी नहीं एक अनवरत विद्रोह है। हर दिन का संघर्ष, हर कदम की जद्दोजहद, हर साँस की दृढ़ता सब विद्रोह है। वे आग हैं जो हवा के खिलाफ भी जलना जानती हैं। वे नदियाँ हैं जो पत्थरों को चीरकर अपना रास्ता बना लेती हैं। वे पंखों से नहीं, हिम्मत से उड़ते हैं इसलिए उड़ना भूलते नहीं। यही बात समाज को सबसे ज्यादा चुभती है कि जिनसे दया की उम्मीद थी, वे दया की कतार में खड़े होने नहीं आए। वे आए हैं बराबरी की माँग लेकर और बराबरी किसी की कृपा से नहीं, हक़ से मिलती है। तीन दिसंबर को न भाषणों की जरूरत है, न सेलिब्रिटी के औपचारिक ट्वीटों की, न सरकारी मंचों पर संवेदना के चमकते तमाशे की। इस दिन किसी उत्सव की नहीं असल बदलाव की मांग है। बदलाव यह कि चौदह दिसंबर को बस स्टॉप पर सचमुच एक रैम्प दिखे। फरवरी में बैंक जाते समय काउंटर तक पहुँचना किसी युद्ध जैसा न लगे। मई में नौकरी के इंटरव्यू में किसी की काबिलियत को उसका शरीर पीछे न धकेले। अगस्त में प्रेम का इज़हार करते हुए किसी को यह कटु वाक्य न सुनना पड़े तुम नहीं समझ पाओगे।

## ज्ञान जनित वाद-विवाद से परे स्वयं को जानने की कला है सहजयोग



बूझ सरीखी बात है, कहन सरीखी नाहि, जेते ज्ञानी देखिये, तेते संसै माहि।

उपरोक्त वर्णित दोहे में संत कबीर कहते हैं कि, आत्मसाक्षात्कार, स्व-स्वरूप की बात तो समझने तथा अनुभव करने की है, यह वादविवाद का विषय नहीं है। वाद विवाद करने वाले जितने वाचिक ज्ञानी हैं वे सब संशय में पड़ जाते हैं। प. पू. श्री माताजी, प्रणित सहजयोग ध्यान एक साक्षात अनुभव है, जिसे अपने सूक्ष्म तंत्र पर जाना जा सकता है। साधारणतः जब हम ध्यान करने बैठते हैं और अपनी आंखें बंद करते हैं तो बहुत सारे विचार अपने मानसपटल पर आने लगते हैं । हम पांच मिनट के लिये भी अपनी आंखें बंद करके शांत नही बैठ सकते, अपने-आप का सामना नही कर सकते। एक क्षण के लिये भी हम हमारे विचारों से छुटकारा नहीं पा सकते। बैचने हो जाते हैं और अपने मन को कहीं न कहीं उलझाते रहते हैं, विचारों का निषेध करने की कोशिश करते हैं। पंरतु यह स्थिति ध्यान नहीं है और ऐसे में हम निर्विचार अवस्था का अनुभव कभी भी कर ही नहीं सकते। अपने - आपसे एक प्रश्न पूछें क्या मैं एक क्षण के लिये भी शांत या निर्विचार रह सकता हूं ? अगर आपका उत्तर नकारात्मक है तो सहजयोग ध्यान आपके लिए सहायक हो सकता है। सहजयोग ध्यान सीखने के लिये आपको अपनी इच्छाशक्ति और जिज्ञासा जागृत कर अपना आत्मसाक्षात्कार मांगना होगा। सहजयोग में साधक को सूक्ष्म तंत्र के बारे में बताया जाता है तत्पश्चात सूक्ष्मशरीर में मे स्थित इड़ा-पिंगला नाड़ी का संतुलन कर मध्य नाड़ी सुषुम्णा द्वारा सहस्त्रार चक्र पर ध्यान केन्द्रित करने की कला सिखायी जाती है। श्रीमाताजी कहते हैं हमारा सहजयोग, आधि कळस मग पाया इस न्याय से चलता है ध्यान करने आये साधक को सर्वप्रथम र्निविचार अवस्था प्राप्त होती है और इसके बाद आत्मपरीक्षण से साधक चित्त शुद्धी कर अपने आपको स्वच्छ और दुर्गुणों से दूर रखता है। श्रीमाताजी कहते हैं, सहजयोग एक अनुभूतिजन्य योग है । इस योग में आपको उस ज्ञान की साक्षात् अनुभूति होती है । जिसे वर्णित करने के लिये सभी धर्मग्रंथों ने उपमाओं व दृष्टांतों की झड़ी लगा दी है वह आत्मज्ञान, निर्विचारिता, व निरानंद सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के साथ सहज में ही प्राप्त हो जाता है।

# जब सुरक्षा सिर्फ़ शब्द बन जाए, और मौत आम हो जाए

इंदौर की सड़क पर 16 साल के गुलशन का बहता हुआ खून सिर्फ एक हादसे की कहानी नहीं था–यह उस सिस्टम की नाकामी का लाल छींटों वाला सबूत था, जो हर आदेश को कागज़ पर तो लिख देता है, पर ज़मीन पर लागू करने की ताकत कभी नहीं जुटा पाता। चार दिन पहले का प्रतिबंध, कलेक्टर की सख्त हिदायतें, और पशु कल्याण बोर्ड ऑफ इंडिया की सिफारिशों के बाद 2024 से लागू राष्ट्रीय पाबंदी–ये सब उस वक्त ध्वस्त हो गए, जब एक जानलेवा मांझा हवा में तैरता हुआ एक बच्चे की गर्दन कूट गया। क्योंकि कानून नहीं, कार्रवाई ज़िंदगियाँ बचाती है–और कार्रवाई वहीं मर जाती है, जहाँ जिम्मेदारी सिर्फ फाइलों में दर्ज रह जाती है।

उस दिन सड़क पर जो हुआ, उसने साफ़ कर दिया कि हमारी संस्थाओं की प्राथमिकताएँ कहीं और हैं; जनता की सुरक्षा उनमें शामिल ही नहीं। एक नाबालिग बच्चा दर्द से कराहता हुआ घुटनों के बल गिरा, उसकी नसें कट चुकी थीं; उसका दोस्त, जो उसे बचाने की कोशिश कर रहा था, खुद खून में लथपथ हो गया; और कुछ ही पलों में एक परिवार की दुनिया हमेशा के लिए अंधेरे में डूब गई। यह सिर्फ मौत नहीं थी, यह हमारी सामूहिक विफलता का सबसे बरूप प्रमाण था।

यह घटना सिर्फ चाइनीज मांझे से काटा जैसी साधारण पंक्ति नहीं है, यह एक कठोर सवाल है। जवाब देना होगा उस दुकानदार को जिसने प्रतिबंधित जानते हुए मांझा बेचा; उस अधिकारी को जिसने नियम बनाए, पर लागू नहीं किए; उस खरीदार को जिसने खतरा समझकर भी इसे उठाया; और उस नागरिक को जिसने सब देखते हुए मौन रखा। प्रतिबंधित मांझे का खुलेआम बिकना इस बात का प्रमाण है कि मौत का यह कारोबार जनता और प्रशासन–दोनों की आंखों के सामने फलता रहा, और रोकने की जिम्मेदारी कोई निभाने को तैयार नहीं था।

गुलशन दोस्तों के साथ लौट रहा था। एक सामान्य, खुशहाल रविवार, जिसमें कोई मौत की परछाई तक नहीं देख सकता था। सड़क पर तैरती एक पतली-सी डोरी ने किसी की जीवनरेखा छीन ली। कांच और नायलॉन से लिपटा यह मांझा अब पतंग काटने का साधन नहीं, बल्कि जान लेने के लिए तैयार खतरनाक हथियार बन चुका है। दोस्तों ने इसे हटाने की कोशिश की, पर उसकी धार इतनी भयानक थी कि उंगलियां फट गईं। इससे बड़ा सबूत और क्या चाहिए कि यह मांझा किसी भी सामान्य उपयोग के लायक नहीं, बल्कि एक जानलेवा हथियार है?

अब बात जिम्मेदारियों की–सबसे पहले प्रशासन की। कलेक्टर ने 25 नवंबर को प्रतिबंध जारी किया। आदेश सही है, मगर आदेश केवल कागज पर नहीं, कार्रवाई में लागू होता है। यदि चार दिन बाद भी यह मांझा बाजार में बिक रहा था, इसका अर्थ साफ़ है–प्रशासन ने आदेश लागू करने में विफलता दिखाई। दुकानों पर कड़ी जांच नहीं हुई, गोदामों में छापे नहीं पड़े, और पुलिस ने सक्रिय रूप से बाजार का निरीक्षण नहीं किया। जब प्रतिबंध के बावजूद कोई उत्पाद बिक रहा हो, तो यह केवल दुकानदार की गलती नहीं–यह प्रशासन की गहरी चूक है। और जितनी बड़ी चूक, उतना ही गंभीर परिणाम।

दूसरी जिम्मेदारी दुकानदारों की है। यह कोई मासूम व्यापार नहीं। जब कोई दुकानदार जानता है कि यह वस्तु जानलेवा है और फिर भी इसे बेचता है, तो वह सिर्फ़ नियम तोड़ने वाला नहीं–वह संभावित हत्यारा है। इस मांझे पर प्रतिबंध इसलिए लगाया गया क्योंकि यह पक्षियों की जान लेता है, लोगों की उंगलियां काटता है, और दोपहिया चालकों की गर्दन चीर सकता है। क्या कुछ रुपये की कमाई किसी की जिंदगी से ज्यादा कीमती हो सकती है? लेकिन कई दुकानदारों के लिए इसका जवाब हाँ है, और यही हमारी सामाजिक जड़ का सबसे काला सच है। तीसरी जिम्मेदारी उपभोक्ताओं की है। हम वर्षों तक यह झूठ मानते रहे कि जो मज़ा काटने वाले मांझे में है, वह सूती में नहीं। लेकिन जब वही मज़ा किसी की जान ले ले, तब इसका क्या अर्थ बचता है? चेतावनी, राष्ट्रीय प्रतिबंध–सब बेअसर, क्योंकि युवा इस मांझे को रोमांच के नाम पर खरीदते हैं। माता-पिता अपनी आंखें बंद कर लेते हैं, बच्चों की खरीद पर ध्यान नहीं देते। यह लापरवाही भी अपराध के बराबर है। क्योंकि जब खरीद नहीं होगी, तो बिक्री अपने आप बंद हो जाएगी।

पुलिस की बात करें तो अक्सर हम देखते हैं कि घटना के बाद जांच शुरू होती है। लेकिन असली सवाल यही है–घटना से पहले रोकथाम क्यों नहीं? अगर पुलिस सक्रिय होती, तो बाजार में प्रतिबंधित मांझे की बिक्री पकड़ी जा सकती थी। जांच का मतलब केवल एफआईआर दर्ज करना नहीं होता है; इसका असली मकसद है–भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस ढांचा बनाना।

और अंत में, समाज की भूमिका। पूरे शहर में हर कोई जानता है कि चाइनीज मांझा प्रतिबंधित है। कई लोग जानते हैं कि कौन-सी दुकानें इसे बेचती हैं। फिर भी कोई रिपोर्ट नहीं करता, कोई विरोध नहीं करता। यही चुप्पी इन जानलेवा हादसों को जन्म देती है। हम तब चिल्लाते हैं, जब खून बह चुका होता है। जबकि समाज की असली जिम्मेदारी तभी शुरू होती है जब खतरा पहली बार दिखाई देता है। सच यह है कि यह घटना दुर्घटना नहीं, बल्कि लापरवाही का पूर्व-निर्धारित परिणाम थी। यह चेतावनी है कि यदि अब भी नहीं जागे, तो आने वाले समय में गुलशन जैसे और बच्चे हमारी अखबारों की सुर्खियों में आएंगे–उसी मांझे से कटी हुई गर्दन के साथ। अब बहाने नहीं, कार्रवाई का समय है। प्रतिबंधित मांझे की बिक्री पर पूर्ण छापेमारी हो, दोषियों पर कठोरतम दंड लगे (गैर जमानती), उपभोक्ताओं को जवाबदेह बनाया जाए, और समाज सक्रिय होकर समस्या की जड़ तक पहुँचे।

कानून लिखने से सुरक्षा नहीं मिलती। सुरक्षा तब मिलती है जब जिम्मेदारी किसी का विकल्प नहीं, बल्कि उसकी आदत बन जाए। गुलशन की मौत हमें यह सिखा रही है कि चेतावनी और नियम तभी असर करते हैं जब उन पर ईमानदारी से अमल किया जाए। हमें मिलकर यह तय करना होगा कि अब कोई और बच्चा इन नायलॉन के धागों का शिकार न बने। यह केवल संकल्प नहीं, हमारी साझा जिम्मेदारी है।

**-प्रो. आरके जैन**

## अरावली पर संकट गहराया, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बढ़ेगा खनन

धूल से होने वाला भीषण प्रदूषण और तेजी से कम होता हुआ भूजल स्तर दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर के समक्ष मौजूद सबसे प्रमुख चुनौती है। सर्वोच्च न्यायालय का विगत 21 नवंबर का निर्णय इन समस्याओं को और बढ़ा सकता है तथा इस क्षेत्र के पर्यावास को गंभीर चुनौती पेश कर सकता है।

न्यायालय ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अरावली पर्वत और श्रृंखलाओं की दी गई परिभाषा को स्वीकार कर लिया है जिसके चलते दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक के बड़े हिस्सों में खनन और निर्माण संबंधी गतिविधियां बढ़ सकती हैं। इससे गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के बड़े हिस्सों में क्षरण और मरुस्थलीकरण की गति तेज हो सकती है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वीकार किए गए मंत्रालय के मानदंड के अनुसार अरावली उन भूआकृतियों को कहा गया है जो स्थानीय भूभाग से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई पर मौजूद हों। इसका मतलब यह है कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले इलाकों में खनन और निर्माण की इजाजत होगी। इस परिभाषा की समस्या यह है कि यह भ्रामक रूप से छलावा है क्योंकि इस पर्वतमाला का अधिकांश भाग 100 मीटर की उच्चतम सीमा से नीचे ही है।

यह बात एक अन्य सरकारी संस्थान के आंतरिक आकलन से एकदम स्पष्ट है। उसका नाम है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया। उसने कहा है कि अरावली श्रृंखला का 90 फीसदी से अधिक इलाका 100 मीटर से नीचे है। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत परिभाषा में मंत्रालय ने गत वर्ष गठित आंतरिक तकनीकी समिति की परिभाषा की अनदेखी कर दी।

समिति ने ढाल की ऊंचाई और उसके कोण के मानक स्पष्ट किए थे जिससे और भी अधिक पहाड़ियां खननकर्ताओं और डेवलपर्स के बुलडोजरों के दायरे से बाहर हो जातीं। सुप्रीम कोर्ट का आदेश खनन और अन्य विकास कार्यों के लिए खुली छूट नहीं देता। उसने यह शर्त रखी है कि जब तक सरकार एक टिकाऊ खनन योजना प्रस्तुत नहीं करती, तब तक किसी नई लीज की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस प्रतिबंध से पर्यावरणविदों की चिंता दूर होती नहीं दिखती क्योंकि यह पर्वत श्रृंखला पहले ही दशकों के अवैध खनन और निर्माण के कारण मुश्किल हालात से जूझ रही है। तथ्य तो यह है कि 30 मीटर तक ऊंचे पर्वत भी एनसीआर को धूल से होने वाले प्रदूषण से बचा सकते हैं। वर्ष 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने एक समिति नियुक्त की थी जिसने पाया कि राजस्थान में अरावली के 128 पर्वत शिखरों में से 31 अवैध खनन के कारण गायब हो गए हैं। इससे बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं जिनके जरिये थार के मरुस्थल की धूल एनसीआर की दिशा में उड़ती है। पिछले वर्ष अगस्त में अरावली क्षेत्र में भूमि उपयोग पर किए गए एक अध्ययन से पता चला कि 1975 से 2019 के बीच लगभग 8 प्रतिशत क्षेत्र गायब हो गया, मानव बस्तियां 4.5 प्रतिशत से बढ़कर 13.3 प्रतिशत हो गईं, वनाच्छादित क्षेत्र 32 प्रतिशत घट गया और खेती योग्य भूमि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

**-धनंजय राजौरा**

# भारत की विविधता में एकता और चुनौतियों को अवसर बदलने की निपूर्णता ने भारत को अग्रणी प्रकाश स्तंभ बनाया

भारत की विविधता में एकता और चुनौतियों को अवसर में बदलने की अद्भुत निपुणता ने आज भारत को विश्व शक्ति के शिखर पर स्थापित कर दिया है, यही कारण है कि विश्व समुदाय भारत को केवल एक भूगोल, विशाल जनसंख्या या बाजार के रूप में नहीं देख रहा, बल्कि उसे एक जीवंत सभ्यता, विचार, संस्कृति, तकनीकी क्षमता और आर्थिक परिवर्तन के अद्वितीय मॉडल के रूप में समझने लगा है। भारत वह भूमि है जहाँ सात सौ से अधिक भाषाएँ, बीस हजार से अधिक बोलियाँ, अनेक धर्म, पंथ, समुदाय, विविध वस्त्र, विविध भोजन, विविध पर्व और विविध संस्कृतियों का महासागर मौजूद है, परंतु फिर भी इन सभी विविध धाराओं को एक सशक्त राष्ट्र-चेतना में बाँधने वाली सत्ता है–एकता की अदृश्य परंतु अटूट डोर। यही एकता भारत की आत्मा है, यही उसके अस्तित्व की पहचान है और यही संघर्षों में उसकी शक्ति बनकर उभरती रही है। इतिहास इसका साक्षी है कि जब-जब संकट आया, जब-जब विदेशी आक्रमणकारी आए, जब-जब विभाजनकारी शक्तियों ने इस राष्ट्र की जड़ों को हिलाने का प्रयास किया, तब भारत ने टूटने के बजाय और अधिक मजबूत होकर उठना सीखा।

स्वतंत्रता के बाद जब नवनिर्माण की चुनौती सामने थी, तब अनेक विदेशी विशेषज्ञों ने यह भविष्यवाणी की थी कि इतनी विविधताओं वाला देश पाँच-दस वर्षों में टूट जाएगा, लेकिन भारत ने यह सिद्ध किया कि इसकी विविधता विभाजन नहीं, सामर्थ्य है; इसकी बहुलता अस्थिरता नहीं, बल्कि प्रगति का आधार है। संविधान निर्माताओं ने ऐसा लोकतांत्रिक ढाँचा तैयार किया जिसमें विचारों का सम्मान, धर्मनिरपेक्षता, समान अधिकार, भाषाई और सांस्कृतिक स्वतंत्रता और नागरिक सम्मान का अद्भुत संतुलन दिखाई देता है। इसी लोकतांत्रिक शक्ति ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सशक्त लोकतंत्र बनाया। आज जब विश्व के कई बड़े देशों में सामाजिक तनाव और राजनीतिक अस्थिरता है, तब भारत में 145 करोड़ नागरिकों का एक लक्ष्य, एक दिशा और एक ध्येय है–विकास और वैश्विक नेतृत्व।

चुनौतियों को अवसर में बदलने की भारत की क्षमता का सबसे बड़ा उदाहरण कोरोना महामारी रही। जब विश्व की महाशक्तियाँ स्वास्थ्य संकट से टूट रही थीं, तब भारत ने न केवल सबसे बड़े वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाया, बल्कि 100 से अधिक देशों को वैक्सीन भेजकर मानवता का धर्म निभाया। इसी तरह प्राकृतिक आपदाओं, सीमाई चुनौतियों, और आंतरिक सामाजिक तनावों के समय भारत ने संयम, धैर्य और सामूहिक सहयोग से समाधान खोजने की विलक्षण परंपरा दिखाई।

वर्तमान में भारत की उपलब्धियाँ यह प्रमाणित करती हैं कि यह राष्ट्र केवल संघर्षों से जूझता नहीं, बल्कि उनसे चमकता है। चंद्रयान-3 की अभूतपूर्व सफलता, गगनयान और सूर्ययान मिशन, डिजिटल इंडिया के कारण विश्व में सबसे अधिक डिजिटल लेनदेन करने वाला देश, स्टार्टअप इंडिया के कारण सातवीं सबसे बड़ी स्टार्टअप अर्थव्यवस्था, जी-20 में भारत की अध्यक्षता और अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य बनाकर वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व, रक्षा और तकनीक में आत्मनिर्भरता, और 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की तेज गति–ये सब इस बात के प्रमाण हैं कि भारत केवल परिवर्तन नहीं, बल्कि नवोन्मेष का प्रतीक बन चुका है।

आज विश्व यह मान चुका है कि भारत की शक्ति उसके हथियारों या आर्थिक संसाधनों में ही नहीं, बल्कि उसके सामाजिक सद्भाव, सहिष्णुता, आध्यात्मिक संस्कृति, लोकतांत्रिक मूल्यों और विविधता में निहित है। भारत की एकता मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों, चर्चों, बौद्ध विहारों के बीच संतुलन के मंत्र से नहीं, बल्कि 'वसुधैव कुटुम्बकम्'–'विश्व एक परिवार है' की भावना से संचालित होती है। यही कारण है कि जब कोई शक्ति भारत को जाति, धर्म या भाषा के नाम पर बाँटने का प्रयास करती है, तब भारतीय समाज अपनी परंपरा के अनुरूप और अधिक दृढ़ होकर खड़ा हो जाता है और कहता है कि हम पहले भारतीय हैं, उसके बाद कुछ और यही वह आत्मविश्वास और राष्ट्रीय चेतना है जिसने भारत को केवल एक राष्ट्र नहीं, बल्कि शक्ति और आशा का प्रकाश स्तंभ बना दिया है। यही वह दिव्य तेज है जिसने भारत को अग्रणी बनाया है उज्ज्वल, तेजस्वी, प्रखर, अजेय और जगत को दिशा देने वाला। आने वाला समय निर्विवाद रूप से भारत का समय है, और आने वाली सदी भारत की सदी होगी, क्योंकि यह देश हर चुनौती को अवसर और हर संघर्ष को विजय में बदलना जानता है। यही भारत की पहचान है, यही भारत का गौरव है, और यही वह ऊर्जा है जो भारत को विश्व गुरु बनाकर उभार रही है।

**-संजीव ठाकुर**

# कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने हासिल की महत्वपूर्ण वैश्विक उपलब्धि



कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी के लिए ज्वाइंट कमीशन इंटरनेशनल द्वारा विशेष मान्यता प्राप्त करने वाला भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बन गया है

मुंबई - कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट ने घोषणा की है कि उनके मुंबई के अस्पताल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जॉइंट कमीशन इंटरनेशनल ने इंटरनेशनल हॉस्पिटल फेडरेशन के जिनेवा सस्टेनेबिलिटी सेंटर के साथ साझेदारी में हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी प्रोग्राम के लिए सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन से सम्मानित किया है। यह प्रतिष्ठित और बहुत ही मूल्यवान सम्मान प्राप्त करके, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इस कठोर वैश्विक मानक को पूरा करने वाला भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बन गया है। यह उपलब्धि अस्पताल की स्थिरता पहलों और पर्यावरण-अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

स्वास्थ्य सेवा दुनिया में सबसे ज़्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले पहले 5 उद्योगों में से एक है। आज के दौर में वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियाँ परिचालन जोखिम को कम करने और जलवायु-संबंधी व्यवधानों के खिलाफ लचीलापन मज़बूत करने के प्रयासों को तेज कर रही हैं। ऐसे में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल को मिला यह सर्टिफिकेशन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस तरह के विश्व स्तरीय अस्पताल से की जाने वाली अपेक्षाओं के अनुरूप है। इन अपेक्षाओं में टास्क फोर्स ऑन क्लाइमेट-रिलेटेड फाइनेंशियल डिस्क्लोजर और इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी स्टैंडर्ड्स बोर्ड जैसे ढाँचों के तहत स्वास्थ्य सेवा संगठनों द्वारा जलवायु-जोखिम खुलासे पर बढ़ता ध्यान शामिल है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल की यह उपलब्धि दर्शाती है कि अस्पताल न केवल चिकित्सा सेवा में बल्कि स्थिरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के वैश्विक मानकों को पूरा करने में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कार्यकारी निदेशक, डॉ. संतोष शेट्टी ने वित्तीय और रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला, यह सर्टिफिकेशन हमारे मूल विश्वास को दर्शाता है कि स्थिरता बेहतर क्लिनिकल परिणामों और मज़बूत संचालन प्रदर्शन दोनों को संभव बनाती है। हमारा 2030 सस्टेनेबिलिटी रोडमैप (कार्ययोजना) ऊर्जा दक्षता, जल प्रबंधन, कम उत्सर्जन के लिए काम आने वाली सामग्रियों और जलवायु-प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर केंद्रित है। ये निवेश लंबी अवधि के लागत दबावों को कम करने, मरीज़ की सुरक्षा में सुधार करने और बढ़ते जलवायु अस्थिरता का सामना कर रहे शहर में व्यावसायिक निरंतरता को मज़बूत करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

जेसीआई-जीएससी कार्यक्रम विशेष रूप से उन अस्पतालों को मान्यता देता है जो बोर्ड स्तर पर पर्यावरणीय जोखिम प्रशासन को शामिल करते हैं और उत्सर्जन, कचरे, पानी की बचत और आपूर्ति-श्रृंखला की स्थिरता को उद्यम जोखिम प्रबंधन में एकीकृत करते हैं। यह मज़बूत आंतरिक नियंत्रणों और दूरदर्शी प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

भारत, एक तेज़ी से विकसित होती अर्थव्यवस्था है जिस पर बुनियादी ढांचे का दबाव काफी ज़्यादा है। हमारे देश को जलवायु परिवर्तन की बढ़ती संवेदनशीलता का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और अस्पताल प्रणालियों पर तनाव बढ़ा रहा है। राष्ट्रीय कार्यक्रमों, जैसे कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम, द्वारा उत्सर्जन रिपोर्टिंग, चक्रीयता और आपदा तैयारियों के संबंध में अपेक्षाएं बढ़ाए जाने के कारण, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को अधिक मज़बूत जलवायु-लचीली प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जलवायु से संबंधित व्यवधानों की लागत का अनुमान 2050 तक दक्षिण एशिया में सालाना 36 अरब अमेरिकी डॉलर तक लगाया गया है, इसी की वजह से यह बदलाव अत्यावश्यक बन गए हैं। हालांकि कई भारतीय अस्पताल अभी भी नेतृत्व स्तर पर पर्यावरणीय शासन को एम्बेड करने के प्रारंभिक चरण में हैं, लेकिन कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल का वैश्विक ईएसजी ढांचे के साथ संरेखण एक निर्णायक कदम है। इसका जेसीआई सस्टेनेबिलिटी सर्टिफिकेशन वर्तमान राष्ट्रीय मानदंडों से परे परिपक्वता के एक स्तर को दर्शाता है, जो उत्सर्जन, कचरे, जल और आपूर्ति-श्रृंखला की स्थिरता को मुख्य जोखिम प्रबंधन में एकीकृत करता है। इस संदर्भ में, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एक क्षेत्रीय अग्रणी के रूप में उभरा है, जो यह प्रदर्शित करता है कि संसाधन कम होते हुए भी ज़िम्मेदार, भविष्य के लिए तैयार स्वास्थ्य सेवा प्राप्त की जा सकती है।

## नए भारत को सुरक्षा एवं संवेदना वाली नई पुलिस चाहिए

भारतीय लोकतंत्र में पुलिस व्यवस्था कानून-व्यवस्था की आधारभूत धुरी है, परंतु आम नागरिक के मानस में पुलिस की छवि अभी भी कठोरता, डर और दमन से जुड़ी हुई है। इसे केवल अधिकार जताने वाली शक्ति समझा गया है, संवेदनशीलता, जवाबदेही और मित्र भाव से नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में इसी जटिलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस की छवि तभी बदलेगी जब व्यवस्था अधिक प्रोफेशनल, अधिक उत्तरदायी और अधिक मानवीय बने। विकसित भारत की दृष्टि में पुलिस का पुनर्गठन केवल प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि समाज में भरोसे को पुनर्जीवित करने का कार्य भी है। पुलिस के पास अपराध नियंत्रण, आतंकवाद-निरोध, भीड़ प्रबंधन, आपदा राहत, नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान, चुनाव ड्यूटी और वीआईपी सुरक्षा जैसी असंख्य जिम्मेदारियां हैं, लेकिन संसाधन सीमित हैं, कार्य-भार भारी और राजनीतिक दबाव व्यापक हैं। कुछ अधिकारियों के भ्रष्ट या कठोर व्यवहार ने संपूर्ण पुलिस व्यवस्था की छवि पर चोट पहुंचाई है, इसलिए जनता पुलिस के निकट आने पर भी भय का अनुभव करती है। प्रधानमंत्री ने इस स्थिति बदलने की स्पष्ट आवश्यकता जताई और युवाओं में पुलिस की सकारात्मक छवि निर्माण पर बल दिया ताकि आने वाली पीढ़ी पुलिस को मित्र और संरक्षणकर्ता के रूप में पहचाने।

भारतीय लोकतंत्र के संरचनात्मक स्तंभों में पुलिस की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। वह केवल अपराधियों से मुकाबला करने वाली शक्ति नहीं बल्कि कानून-व्यवस्था, नैतिकता और जनविश्वास की संरक्षक है। परंतु विडम्बना यह है कि आम जनता के मानस में पुलिस की छवि आज भी कठोरता, डर, भ्रष्टाचार और दमन से जुड़ी हुई दिखाई देती है। समाज पुलिस को ÷डंडे÷ और ÷खाकी÷ के प्रतीक रूप में पहचानता है, संवेदनशीलता और जवाबदेही के दृष्टिकोण से नहीं। यही कारण है कि पुलिस सुधार दशकों से विमर्श का विषय तो रहा, लेकिन कभी जनांदोलन नहीं बन सका, न चुनावी मुद्दा बना और न ही गंभीर राजनीतिक प्राथमिकता। इसलिये मोदी ने शहरी पुलिसिंग को मजबूत करने, पर्यटक पुलिस को फिर से सक्रिय करने, विश्वविद्यालयों को फोरेंसिक अध्ययन के लिए प्रेरित करने और नए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम तथा नागरिक सुरक्षा संहिता पर व्यापक जनजागरूकता चलाने की जरूरत रेखांकित की। उनका यह दृष्टिकोण पुलिस को प्रतिक्रियाशील संस्था से आगे बढ़ाकर बुद्धिमान, वैज्ञानिक, पूर्वानुमान आधारित और विश्वसनीय संस्था बनाने की दिशा है। प्रधानमंत्री की दृष्टि का महत्वपूर्ण आयाम यह है कि पुलिस केवल कानून लागू करने वाली मशीन नहीं बल्कि समाज का सहभागी तंत्र है। यदि पुलिस व्यवहार में संवेदनशीलता, संवाद, पारदर्शिता और विनम्रता विकसित करे तो जनविश्वास स्वतः बढ़ेगा। नए कानूनों के बारे में जन-जागरूकता अभियान इसी सोच का हिस्सा है, क्योंकि कानून तभी प्रभावी होते हैं जब जनता उन्हें समझती और स्वीकार करती है। अपराध की प्रकृति तेजी से बदल रही है, इसलिए पुलिस का प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता, इंटेलिजेंस नेटवर्क और फोरेंसिक क्षमता मजबूत होना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री ने नेटग्रिड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एकीकृत डेटाबेस के प्रभावी उपयोग पर जोर देकर पुलिसिंग को डेटा आधारित, कृत्रिम बुद्धिमता-एआई और वैज्ञानिक सोच से जोड़ने की दिशा दिखाई है। उन्होंने प्रतिबंधित संगठनों की सतत निगरानी, नशीली दवाओं के विरुद्ध बहुस्तरीय रणनीति, कट्टरपंथ से प्रभावित क्षेत्रों में विकास आधारित समाधान, तटीय सुरक्षा के नवाचार, तथा प्राकृतिक आपदाओं में सक्रिय पुलिस नेतृत्व की आवश्यकता भी व्यक्त की। यह सब उस व्यापक सोच का हिस्सा है जिसमें पुलिस केवल अपराध से लड़ने वाली व्यवस्था नहीं बल्कि विकास की रणनीतिक सहभागी शक्ति है।

**-ललित गर्ग**

# केवल इस जन्म का ही नहीं जन्म- जन्मांतर के जीवन का प्रबंधन ग्रन्थ है गीता

## गीता जयंती के शुभ अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सहयोग करने वाले शिक्षक साथियों का किया सम्मान



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गायत्री शक्तिपीठ देवास पर गीता जयंती महोत्सव भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक पं. देवीशंकर तिवारी, गायत्री परिवार जिला समन्वयक हरिराम जिराती एवं वरिष्ठ परिजन अरुण शैव्य के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया।

गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि प्रातः भगवान योगेश्वर श्रीकृष्णजी की पूजा अर्चना कर यज्ञ किया गया । रात्रि 7-30 बजे श्री वेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी एवं माता भगवती देवी शर्मा की सूक्ष्म उपस्थिति में गीता जयंती महोत्सव मनाया गया । वरिष्ठ परिजन सुरेश बाल पांडे ने अतिथियों का मंगल तिलक लगाकर स्वागत किया । भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक पं. देवीशंकर तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गीताजी केवल इस जन्म का ही नहीं जन्म-जन्मांतर के जीवन का प्रबंधन ग्रन्थ हैं । गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन अरविन्द शर्मा ने कहा कि मनुष्य में अर्जुन जेसी सीखने और सब कुछ पाने की जिज्ञासा का होना अनिवार्य है । गायत्री परिवार जिला समन्वयक हरिराम जिराती ने परम पिता परमेश्वर भगवान योगेश्वर श्रीकृष्णजी द्वारा कहे गए अमर वचनों में से गीता के पन्द्रहवें अध्याय का वाचन कर उसका अर्थ समझाया गया । गीता जयंती के अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षक शिक्षिका फूलसिंह नागर, कमलेश मेहता, भारत सिंह राजपूत, देवकरण राठौर, चित्रान्सी गज्जर, कुसुम मर्सकोले, मनीष व्यास, विनोद पांचाल आदि का सम्मान मोतियों की माला व दुपट्टा ओढ़ाकर एवं परम पूज्य गुरुदेव का साहित्य भेंट कर किया गया । साथ ही उपस्थित सभी परिजनों ने संकल्प दोहराया की प्रति वर्ष गायत्री शक्तिपीठ पर गीता जयंती महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा । इस अवसर पर विश्व गीता प्रतिष्ठान की ओर से उपलब्ध 50 पुस्तकों का वितरण अरुण शैव्य ने उपस्थित सभी परिजनों में किया । इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ की देव कन्याओं ने संगीतमय प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए अन्त में शान्ति पाठ किया गया । कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्य केशव पटेल, सुरेन्द्र दुबे, लक्षित दुबे सहित बाल संस्कार शाला के बच्चें उपस्थित थे । स्वागत भाषण भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला सचिव कांतिलाल पटेल ने दिया । कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ परिजन अरविन्द शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन परिव्राजक रामनिवास कुशवाह ने माना ।

# शादी समारोह में चोरी करने वाले चोर गिरफ्तार, पर चोरी का सामान गायब

## ग्राम टोंक कला के ग्रामीणजन पहुंचे एसपी कार्यालय, विरोध जताते हुए सौंपा ज्ञापन



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के ग्राम टोंककला में विगत दिनों हुई चोरी के मामले में मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जयवीर सिंह भदौरिया को एक आवेदन सौंपा, जिसमें चोरी हुए सोने के आभूषणों की बरामदगी न होने का जिक्र किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मनोहर पिता जय सिंह के घर 28 नवंबर को चोरी हुई थी। इस वारदात में सोने और चांदी के आभूषण चोरी हुए थे। पुलिस ने मामले में चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी हुए आभूषणों की कीमत लगभग 13 से 14 लाख रुपए बताई गई है।

ग्रामीणजनों के अनुसार फरियादी मनोहर सिंह के पुत्र गौतम द्वारा चोरी की घटना की त्वरित सूचना पुलिस को दे दी गई थी तथा संदिग्धों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करा दी गई थी। 1 दिसंबर 2025 को पुलिस चौकी टोंककलां द्वारा फरियादी पक्ष को बुलाकर बताया गया कि चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं एवं चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है। हालांकि, जब फरियादी पक्ष को सामग्री पहचानने के लिए कहा गया तो चांदी के आभूषणों में समस्त चांदी के आभूषण व सोने में मात्र एक मंगलसूत्र ही दिखाया गया, जबकि शेष सोने का चोरी हुआ माल प्रस्तुत नहीं किया गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव के महिपाल गोरधन सिंह और गौतम विक्रम सिंह के यहां पूर्व में हुई चोरी की वारदातों में भी पुलिस ने चोर तो पकड़ लिए, परंतु चोरी की सामग्री आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई। ऐसे में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। ग्रामीणों ने मांग की कि सभी चोरी हुए आभूषण जब्त कर उन्हें वापस लौटाए जाएं। उन्होंने इस मामले में पुलिस पर भी आरोप लगाए और आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# शहर की हृदय रेखा महात्मा गांधी मार्ग का सुनियोजित विकास एवं सौंदर्यीकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता - महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के सबसे व्यस्ततम महात्मा गांधी मार्ग को सुनियोजित विकास एवं सौंदर्यीकृत सुसज्जित करने की दिशा मे नगर पालिक निगम, देवास द्वारा निर्माण कार्य लगभग 10 दिवसों मे प्रारंभ किया जावेगा। महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल ने इस संबंध मे विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए समग्र रूप से बताया कि मार्ग चौड़ीकरण मे बाधक निर्माणों को हटाने के पश्चात् मार्ग की कुल चौड़ाई 15 मीटर होकर सर्वप्रथम पानी निकासी हेतु नाली निर्माण कार्य किया जावेगा, जिसमे मार्ग के दोनो तरफ 2 बाय 2 चौडाई एवं गहराई की नालियां निर्मित्त की जावेगी। इसमे मार्ग के मान से आदर्श गहराई बढ़ती जावेगी, इसमे सर्विस ऐरिया (युटीलिटी डग) जिसमे बड़े पाईप लगेगें। केबलींग का एवं अन्य आवश्यक कार्य किये जावेगे। इस कार्य मे 3 फीट (6 बाय 6) एवं 2 फीट सर्विस ऐरिया कुल 5 फीट के क्षेत्रफल मे कार्य होगा।

निर्मित की जाने वाली नाली पर आकर्षक पेवर्स ब्लाक्स लगाये जाऐगें। जिसमे कर्व-स्टोन लगेगे ताकि टू व्हीलरों फोर व्हीलरों के चढ़ने मे आसानी होगी। इसमे मार्ग के दोनो तरफ बीच-बीच मे सफाई व अन्य मरम्मत कार्य एवं पानी निकासी हेतु चेम्बरों का निर्माण किया जावेगा। महापौर ने आगे बताया कि आवागमन की सुलभ सुविधाओं हेतु मार्ग का चौड़ीकरण 12 मीटर (40 फीट) का मार्ग निर्माण होगा, जिसमे मार्ग को डामरीकृत किया जावेगा। इसके पूर्व मार्ग के मध्य सीवरेज लाईन डाली जावेगी, मार्ग पर आकर्षक विद्युत व्यवस्था के अंतर्गत दोनों तरफ स्ट्रीट लाईट होगी एवं विद्युत का पूर्ण कार्य अंडर ग्राउंड होगा। जिससे तारों के जंजाल से मुक्ति मिलेगी। उक्त कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही वर्तमान विद्युत व्यवस्था के पोल्स हटाये जायेगें। मार्ग को सुंदर एवं आकर्षक बनाये जाने हेतु मार्ग पर बड़े गमलों को स्थापित करने के साथ ही बड़े पौधो को भी लगाया जावेगा। महापौर ने आगे बताया कि मार्ग के व्यवसायियों, दुकानदारों के व्यवसायों में किसी प्रकार बाधित न हो इस हेतु मार्ग का निर्माण जनता बैंक चौराहे से गांजा भांग चौराहे तक तथा गांजा भांग चौराहे से सुभाष चौक एवं सुभाष चौक से नावेल्टी चौराहे तथा नावेल्टी चौराहे से तहसील चौराहे तक एवं तहसील चौराहे से सयाजी द्वार तक निर्मित करेगें। मार्ग पर निर्माण कार्य लगभग 10 दिवसों मे प्रारंभ करेगें।

महापौर ने आगे बताया कि हमारा उद्देश्य मार्ग के चौड़ीकरण मे बाधित निर्माणों को हटाया जाकर निरंतर विस्तारित होते शहर के प्रमुख मार्ग को चहुमुंखी विकास की नवधारा से जोड़कर सौगात देना है। मार्ग चौड़ीकरण में व्यापारियों क्षेत्र रहवासियों द्वारा जो अतुलनीय सहयोग दिया है सभी व्यापारी बन्धुओं एवं रहवासियों का हृदय से धन्यवाद देती हूं एवं आभार मानती हूं। आपके द्वारा दिया गया सहयोग हमारे लिये सर्वोपरी रहा है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुन अधिकारियों को निराकरण के दिये निर्देश

## जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सिंह 68 आवेदकों की समस्याएं सुन निराकरण के निर्देश दिये



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जनसुनवाई में आये आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर के 68 आवेदकों अपनी समस्या कलेक्टर सिंह को बताई। कलेक्टर सिंह ने आवेदकों की समस्याएं सुन संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाए- जनसुनवाई में आवेदक सुरेन्द्र सिंह पंवार ने आर्थिक सहायता राशि दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

आवास योजना की राशि दिलाई जाये- जनसुनवाई में आवेदक नरेन्द्र सिसोदिया निवासी हाटपीपल्या ने आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

ईट भट्टा व्यवसाय चलाने के लिए अन्य जगह दी जाए- जनसुनवाई में आवेदक गौतम पिता महादेव निवासी पटलावदा ने ईट भट्टा व्यवसाय चलाने के लिए अन्य जगह दी जाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

बीपीएल सर्वे सूची में नाम जोड़ा जाए- जनसुनवाई में आवेदिका रामकला यादव निवासी देवास ने बीपीएल सर्वे सूची में नाम जुडवाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

सड़क दुर्घटना में क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जाए- जनसुनवाई में आवेदक रतन सिंह चौहान निवासी देवास ने सड़क दुर्घटना में क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

ये आवेदन भी हुए प्राप्त- जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन के सीमाकंन, बिजली बिल कम कराने, बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, नामाकंन, बंटवारा, रास्ते पर से अतिक्रमण हटवाने, नालियों की साफ-सफाई करने सहित अन्य आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

# साइबर सेल ने ऑनलाइन ठगी के 1.49 लाख लौटाए

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस की साइबर सेल को आनलाइन ठगी के मामलों में बड़ी सफलता मिली है। साइबर सेल टीम ने नवंबर में विभिन्न साइबर अपराधों के पीड़ितों को 1 लाख 49 हजार 210 की राशि वापस दिलाई है। यह राशि पीड़ितों को लौटाई गई, जिससे उन्हें आर्थिक न्याय मिल सका।

साइबर सेल में जिन लोगों ने शिकायत की। उन शिकायतों पर साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई की। इसके लिए टीम ने बैंकिंग लेन-देन, डिजिटल साक्ष्यों और तकनीकी विश्लेषण का उपयोग करते हुए ठगी गई रकम को चिन्हित किया और आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कीं। टीम की सतर्कता और तकनीकी दक्षता के कारण कई पीड़ितों को उनकी राशि वापस मिल सकी।

सावधानी बरतें, सतर्क रहें- पुलिस विभाग ने बताया कि साइबर अपराधों पर नियंत्रण और पीड़ितों को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्तमान डिजिटल युग में आनलाइन ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिसके मद्देनजर आम नागरिकों को भी विशेष रूप से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, फर्जी काल, संदिग्ध लिंक या लेन-देन की जानकारी तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। इसके अतिरिक्त, नजदीकी पुलिस थाने में भी संपर्क किया जा सकता है, ताकि समय रहते कार्रवाई कर संभावित नुकसान को रोका जा सके।

# ऋण वितरण प्रक्रिया होगी आसान किसानों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले के किसानों को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित देवास से कृषि यंत्रों एवं कृषि ऋण वितरण समयावधि में व सुविधापूर्ण तरीके से किए जाने के उद्देश्य से तथा किसानों को ऋण वितरण में होने वाली समस्याओं के निराकरण करने की दृष्टि से जिला बैंक देवास में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) बनाया गया हैं। जिले के किसान ऋण वितरण की संपूर्ण प्रकिया की जानकारी प्राप्त करने, ऋण संबंधी जानकारी व अन्य संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम में नंबर 0755-2840615 एवं मोबाइल नम्बर 92855-08005 पर संपर्क कर सकते हैं। बैंक द्वारा सभी प्रकार के कृषि एवं अकृषि ऋण वितरण किए जाते हैं। जिले के कृषकों के लिए ऋण वितरण और अधिक सुविधाजनक हो सके इसके लिए कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार यह पहल बैंक द्वारा की गई है।

# शीत ऋतु के कारण आंगनवाड़ी केन्द्र संचालन के समय में परिवर्तन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शीत ऋतु बढ़ने एवं तापमान में गिरावट के चलते आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में परिवर्तन संबंधी आदेश जारी किया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग देवास ने बताया कि जिले में शीत ऋतु एवं तापमान के गिरावट के कारण जिले की समस्त परियोजनाओं अन्तर्गत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों का समय प्रातः 09 बजे के स्थान पर 10 बजे से 02 बजे तक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान बच्चों से संबंधित केन्द्र आधारित गतिविधियां आयोजन तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका को दोपहर 02 बजे से 04 बजे के मध्य आंगनवाड़ी केन्द्र का रिकार्ड संधारण एवं गृहभेंट आदि कार्य किये जाएंगे।

# खेत कॉलोनी के 40 परिवार गंदे पानी की समस्या से परेशान, स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वार्ड क्रमांक 42, खेत कॉलोनी गली नंबर 3 के रहवासियों ने पार्षद डॉ. श्याम पटेल के साथ कलेक्ट्रेट में जिलाधीश से मुलाकात कर नाली के गंदे पानी से निजात दिलाने की मांग की है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि हैदर खां पिता नवाब खा द्वारा नाली की निर्धारित सरकारी जगह पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे नाली का प्राकृतिक निकास बाधित हो गया है। नाली का गंदा पानी अब सीधे लोगों के घरों के सामने बह रहा है, जिसके चलते बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है तथा बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। पिछले 15 दिनों से यह समस्या और अधिक विकराल रूप ले चुकी है। रहवासियों का कहना है कि कब्जाधारी परिवार की नगर निगम में पहचान और प्रभाव के चलते जब भी कोई शिकायत करता है तो नाली का रास्ता दूसरी जगह से निकालने का दबाव बनाया जाता है। यहाँ तक कि मौके पर आने वाले निगम अधिकारी भी गुमराह किए जाते हैं। इस एक अवैध कब्जे की वजह से करीब 30-40 परिवार गंभीर परेशानी झेल रहे हैं।

# चाइना डोर बेचने या खरीदने पर होगी कार्यवाही

## कलेक्टर ने नायलोन डोर/चायना डोर के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश किए जारी

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सम्पूर्ण देवास जिले में मानव/पशु पक्षियों के जीवन की सुरक्षा बनाए रखने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। कलेक्टर सिंह ने आदेश दिए हैं कि जिले में कोई भी व्यक्ति मकर संक्राति पर्व एवं उसके पूर्व व पश्चात होने वाली पतंगबाजी में न तो नायलोन डोर/चायना डोर का निर्माण करेगा, न ही दुकानों में रखेगा न ही क्रय-विक्रय करेगा एवं न ही उपयोग करेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है, अपने अनुभाग क्षेत्र में संबंधित एसडीएम / एसडीओपी आदेश का पालन सुनिश्चित कराएंगे। यह आदेश 02 माह तक प्रभावशील रहेगा ।

आदेश में उल्लेख है कि देवास जिले में मकर संक्राति का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है जिसमें वृहद स्तर पर पतंगबाजी की जाती है। विगत वर्षो में पतंग बाजी में चायना डोर का उपयोग अधिकता से किया गया है, चायना डोर का मटेरियल अत्यधिक तेज धार तथा खतरनाक होता है चायना डोर के उपयोग के कारण पूर्व में राहगीरों/पशु-पक्षियों के कटने तथा चोट पहुंचने की घटनाएं घटित हुई है। चायना डोर के उपयोग से दुर्घटना होना संभावित है। जिससे जन - धन एवं पशुहानि होने के साथ विवाद होने की संभावनाएं बनी रहती है तथा आमजनों में चायना डोर के विक्रय एवं उपयोग को लेकर असहमतियां भी व्यक्त की जाती रही है। क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चायना डोर के विक्रय और उपयोग पर तुरंत प्रतिबंध लगाये जाने के पर्याप्त आधार प्रतीत होते है और तुरंत निवारण करना वांछनीय है।

# 69 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** हेलमेट न पहनने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, सीट बेल्ट न पहनकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात विभाग ने कार्रवाई करते हुए उनके लायसेंस निलंबित किए हैं। यातायात विभाग द्वारा यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रखा जाएगा।

हाल ही में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले चरण में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 69 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। इन चालकों ने दोपहिया वाहन पर हेलमेट न पहनना, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग न करना, मोबाइल फोन पर बात करते हुए गाड़ी चलाना, ओवरलोडिंग और शराब पीकर वाहन चलाना जैसे नियमों का उल्लंघन किया था। जिला सड़क सुरक्षा समिति ने दिसंबर 2025 तक 500 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कई चालक बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते पाए गए। मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत ऐसे चालकों से 1000 रुपए और 5000 रुपए का अतिरिक्त समन शुल्क वसूला गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब बिना लाइसेंस वाहन चलाना महंगा पड़ेगा और नियम उल्लंघन की प्रत्येक स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। शाजापुर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और मृतकों की संख्या को कम करने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की नवंबर 2025 की बैठक में यह विशेष पहल शुरू की गई थी। इसके तहत सभी वाहन चालकों के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखना अनिवार्य किया गया है। यातायात पुलिस शाजापुर आदतन नियम उल्लंघन करने वाले चालकों पर कड़ी निगरानी रख रही है। जिन चालकों द्वारा तीन या अधिक बार नियमों का उल्लंघन किया जाएगा, उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जहां निर्धारित अर्थदंड के अनुसार उन्हें दंडित किया जाएगा।

कानफोड़ू आवाज वाले वाहन अब भी परेशानी- नगर में अभी भी कई वाहन चालक अपने वाहनों से पटाखे फोड़ते हुए गुजर रहे हैं, जो नगरवासियों की समस्या का मुख्य कारण है। यातायात पुलिस ने हाईवे सहित कुछ जगह पाईंट लगाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के लाइसेंस तो निलंबित कर दिए, लेकिन बुलेट से लोगों का जीना मुश्किल कर चुके इन वाहन चालकों पर तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इसके अलावा वाहनों में तेज आवाज वाले हॉर्न भी लगा रखे हैं, जिससे हार्ट पेशेंट को जान तक का खतरा हो सकता है। ऐसे वाहन चालक अभी भी यातायात पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। जिनसे निपटने के लिए अधिकारियों ने अब तक ठोस कदम नहीं उठाए हैं।

# नगर में खुलेआम हो रही मादक पदार्थों की बिक्री

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में खुलेआम चल रहे जुआ, सट्टा और मादक पदार्थों की बिक्री को लेकर स्थानीय निवासियों ने मंगलवार दोपहर एएसपी घनश्याम मालवीय को एसपी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। निवासियों ने इन अवैध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। साथ ही उनका आरोप है कि पुलिस भी इनसे मिली हुई है। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के वार्ड नंबर 10 कमरदीपुरा में बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की बिक्री हो रही है, और वहां एक जुआघर भी संचालित है। इसके अलावा पूरे शहर में सट्टा खुलेआम चल रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कोतवाली थाना पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है और विरोध करने वालों को धमकियां दी जा रही हैं। निवासियों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि कमरदीपुरा वार्ड में मादक पदार्थों की बिक्री और जुआ-सट्टा के संचालन के कारण घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। मोहल्ले में बदमाशों का आतंक है, जिससे महिलाएं और बच्चे अकेले घर से बाहर नहीं जा पा रहे हैं। उन्होंने कोतवाली पुलिस की मिलीभगत का भी आरोप लगाया। इस मामले में डॉ. मोहम्मद ने जानकारी दी कि वार्ड नंबर 10, कमरदीपुरा में खुलेआम जुआ, सट्टा और मादक पदार्थों की बिक्री हो रही है। उन्होंने बताया कि पहले भी पुलिस को शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत करने पर अवैध व्यवसाय करने वाले दबंग उन्हें धमकाते हैं। परेशान होकर वे एसपी से शिकायत करने आए थे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में एएसपी को ज्ञापन सौंपा गया। मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय ने बताया कि कमरदीपुरा से संभ्रांत व्यक्ति आए थे और उन्होंने एक शिकायती आवेदन दिया है। आवेदन में खुलेआम जुआ और सट्टा संचालित होने के साथ-साथ वार्ड में गांजा और स्मैक की पुड़िया बेचे जाने की बात कही गई है।

# पुजारियों ने की मुआवजे की मांग, महिलाओं ने की मुलभूत सुविधाओं की मांग

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान दो अलग-अलग समस्याओं से जुड़े ज्ञापन सामने आए हैं। इनमें एक ओर मंदिरों की कृषि भूमि के फसल नुकसान मुआवजे की मांग उठी, वहीं दूसरी ओर डूंगरगांव में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया।

मंगलवार को तहसील शाजापुर के पुजारी संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि तहसील शाजापुर के अंतर्गत मंदिरों की कृषि भूमि पर हुए फसल नुकसान का मुआवजा अभी तक संबंधित कृषक पुजारियों को नहीं मिला है। जबकि जिले की अन्य तहसीलों में यह मुआवजा पहले ही वितरित किया जा चुका है। संघ ने बताया कि मुआवजे के अभाव में पुजारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने यह भी बताया कि इस संबंध में पूर्व में भू-तहसीलदार को आवेदन दिया गया था और कार्रवाई का आश्वासन भी मिला था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पुजारी संघ ने कलेक्टर से शीघ्र मुआवजा भुगतान के निर्देश जारी करने की मांग की है।

मतदान के बहिष्कार की दी चेतावनी- मोहन बड़ोदिया तहसील की ग्राम पंचायत हरियाणी के डूंगरगांव के ग्रामीणों ने गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर एक आवेदन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 1000 की आबादी वाले इस गांव में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। डूंगरगांव के ग्रामीणों ने गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर एक आवेदन दिया। ग्रामीणों के अनुसार गांव में न तो आवास की पर्याप्त सुविधा है और न ही पानी निकासी के लिए नाले का निर्माण किया गया है। मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए भी कोई पक्का रास्ता नहीं है, जिससे लोगों को परेशानी होती है।

# फरार आरोपी को अवैध तलवार के साथ किया गिरफ्तार

**आरोपी द्वारा पूर्व में चाकू से अपने बेटे पर हमला कर घायल किया था**




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा के कुशल निर्देशन में जिले में अपराधियों की धरपकड हेतु विशेष प्राथमिकता दी जा रही है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बड़नगर महेन्द्र सिंह परमार के मार्गदर्शन मे थाना बडनगर के थाना प्रभारी बडनगर निरी. अशोक कुमार पाटीदार व टीम के द्वारा दिनांक 30.11.2025 को आरोपी बनेसिंह पिता रामचन्द्र कीर उम्र 48 साल निवासी सुकलाना से एक लोहे की तेज धारदार तलवार जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

घटना का विवरण- पुलिस को मुखबीर से सुचना प्राप्त हुई की उमरिया फंटा केसुर रोड बडगनर पर एक व्यक्ति हाथ में लोहे की तलवार लेकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है सूचना पर थाना प्रभारी बड़नगर निरीक्षक अशोक पाटीदार द्वारा पुलिस टीम भेजकर तत्काल कार्याही गई जिस पर पुलिस को आरोपी बनेसिंह पिता रामचन्द्र कीर उम्र 48 साल निवासी सुकलाना के कब्जे से एक लोहे की तेज धारदार तलवार को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र 750/2025 धारा 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया।

प्रकरण का आरोपी बनेसिंह कीर आदतन अपराधी है जिसके विरूध्द पूर्व में मारपीट , अश्लील गालियाँ देने , डराने धमकान संबंधी 02 अपराध पंजीबध्द है आरोपी थाना बडनगर के अपराध क्रमाँक 742/25 धारा 118(1),115(2),296(बी),351(3) बीएनएस में फरार चल रहा था आरोपी ने अपने लडके के साथ चाकू से मारपीट की थी जिसे आज दिनांक 30.11.2025 को मामूर शुदा मुखबिरानों से सतत संपर्क के परिणाम स्वरूप गिरफ्तार किया गया ।

नाम आरोपी - 01. बनेसिंह पिता रामचन्द्र कीर उम्र 48 साल निवासी सुकलाना

धारा- 113/2017, 323,294,506 भादवि

742/2025, 118(1), 115(2), 296(बी), 351(3) बीएनएस

750/2025 25 आर्म्स एक्ट

सराहनीय भूमिका- उक्त प्रसंशनीय कार्य में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार, उनि सोभाग सिंह, प्रधान आरक्षक. रामनारायण चौहान , राहुल सिंह राठोर, आरक्षक अश्वीनी पाठक , महेश मोर्य , नारायण सरा , मनोज बैरागी की सराहनीय भुमिका रही।

# नागदा जर्नालिस्ट क्लब के बढ़ते कदम, उज्जैन के श्री यादव संरक्षक मनोनीत हुए



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नागदा जर्नालिस्ट क्लब नागदा के द्वारा श्री नंदलाल यादव, उज्जैन को क्लब के संरक्षक के पद पर मनोनीत किया गया है. गौरतलब है कि हाल ही में श्री यादव सोसाईटी फॉर प्रेस क्लब उज्जैन के निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुने गये है तथा नागदा जर्नालिस्ट क्लब के सदस्यो ने सोमवार दोपहर 4 बजे उज्जैन स्थित मुख्य मंत्री कार्यालय पहुंचकर संस्थापक अध्यक्ष राजेश सकलेचा के मार्गदर्शन में क्लब के संरक्षण पद पर श्री यादव जी के मनोनित होने पर उपस्थित सदस्यो द्वारा श्री यादव का गर्मजोशी के साथ पुष्पहार गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया तथा शुभकामनाएं प्रेषित की द्य इस अवसर पर श्री यादव जी ने कहा कि हर प्रकार से आपके व आपकी टीम सहित सभी पत्रकारो के सहयोग के लिये सदेव तत्पर रहुगा द्य नागदा जर्नालिस्ट क्लब का गठन हाल ही में पत्रकारों की हितों को ध्यान में रखते हुए किया गया है. जिसका विस्तार सकलेचा द्वारा नागदा शहर ही नहीं शहर के अलावा कई अन्य नगरों में क्लब की शाखाएँ खोलकर किया गया है. उज्जैन प्रेस क्लब के अध्यक्ष नन्दलाल यादव नागदा जर्नालिस्ट क्लब के संरक्षक चुने जाने पर नागदा जर्नलिस्ट क्लब के संस्थापक अध्यक्ष राजेश सकलेचा, अध्यक्ष मांगीलाल पोरवाल, सचिव दीपक जैन, उपाध्यक्ष दिनेश सोलंकी, मीडिया प्रभारी जीवनलाल जैन, सहसचिव पंकज अग्रवाल सहित उज्जेन शहर के कई पत्रकार साथि उपस्थित थे सभी ने इस अवसर पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

## कलेक्टर ने की जिले में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण विभागों की बैठक आयोजित कर जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने मैदानी अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्य को पूर्ण कराए। इसके साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान यदि गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी विकास एवं निर्माण कार्यो की मॉनिटरिंग करें और कार्यो को जल्द से जल्द से पूर्ण कराएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य के लिए उतनी ही समय सीमा बताई जाए जितने समय मे वह कार्य पूर्ण हो सके। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिए कि समय का एक-एक दिन बहुत कीमती है, समय खराब न करें और विकास एवं निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का प्रयास करें। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए लोक निर्माण विभाग को सभी सड़कों एवं पुलों के निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिक्रमण के कारण यदि कही सड़क निर्माण कार्य में दिक्कत आती है, तो वहां त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया जाए और निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो।

## खेलकूद , बच्चो समग्र विकास का आधार है - प्रियंका मिमरोट




**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिव्यांग खेल कूद प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण समारोह की।मुख्य अतिथि के रूप में उक्त कथन प्रियंका मिमरोट एसडीएम बदनावर ने व्यक्त किए साथ विजयता रहे दिव्यांग बच्चो को पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और उन्हें पुरुष्कार वितरित किए जैसा की राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशन जिला शिक्षा केंद्र धार एवम जनपद शिक्षा केंद्र बदनावर के सहयोग से विश्व दिव्यांग दिवस तीन दिसंबर के उपलक्ष्य में सी एम राइज कैम्पस 2 बदनावर परिसर में दो दिसंबर को दिव्यांग बच्चो की खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया।

हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्रसिंह पवार उपाध्यक्ष नगर परिषद बदनावर, अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सेखड़िया डावर, विशेष अतिथि देवनारायण गुजराती थे। प्रतियोगिता में चेयर रेस, नींबू रेस, 100मीटर दोड़ ,गोला फेंक चित्र कला, रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया बदनावर तहसील के दिव्यांग बच्चो ने भाग लिया। कार्यक्रम मे उक्त जानकारी भोला बैरागी एमआरसी जनपद शिक्षा केंद्र बदनावर ने देते हुए बताया की दिव्यांग बच्चो ने प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। विजय रहे बच्चो जिला स्तर पर तीन दिसंबर को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु ले जाया जाएगा।

बच्चो और साथ में आए पालकों के लिए भोजन की व्यवथा की गई थी। कार्यक्रम में सभी जन शिक्षक प्रदीप तिवारी रवि आंजना, देवेंद्र पाटीदार कल्पना त्रिवेदी, संगीता चौहान जंगल सी परमार, कमल पाटीदार, इसरार कुरेशी, जयराम मालवलीय,नरेंद्र चौहान, गिरधारी वर्मा, नवीन शर्मा, मुकेश पुरोहित, दिनेश देवड़ा, भगवान सिंह वसुनिया कुंवर सिंह चौहान कैरम सिंह जामोद, पद्म सिह अखाड़े , राजकुवर सत्तावत, वन्दना मंडलोई, सरस्वती बैरागी, दिनेश भूरिया थे। कार्यक्रम का संचालन ओ.पी. राठौड़ बीएसी ने किया और आभार जयराम मालवीय बीएससी द्वारा किया गया।

# मानवता की मिसाल नाहर परिवार का मरणोपरांत नेत्रदान, जैन सोशल ग्रुप ने कराया 45 वाँ नेत्रदान

**मरणोपरांत नेत्रदान एवं सेवा कार्य में सराहनीय उपलब्धि**





**नागदा/ सुनिल सकलेचा / दैनिक मालवा हेराल्ड।** राजा जन्मजेय की नगरी में मानवता और सेवा की अनोखी मिसाल पेश करते हुए 12 दिसम्बर सोमवार को महत्वपूर्ण नेत्रदान कार्य सम्पन्न हुआ। शहर के प्रतिष्ठित नाहर परिवार के 89 वर्षीय वरिष्ठ सदस्य श्री नानालालजी नाहर (मंदसौर वाला) के देवलोकगमन उपरांत, जेष्ठ पुत्र अरविन्द नाहर व अक्षय नाहर सहित परिजनों की सहमति से उनका मरणोपरांत नेत्रदान गहरी संवेदनाओं के बीच सम्पन्न किया गया।

नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया गीता भवन न्यास समिति के नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल के मार्गदर्शन में टीम के मनिष तलाच व परमानंद पंवार द्वारा प्रकिया पूरी की गई। सोश्यल ग्रुप नागदा के सचिव प्रशान्त नाहर ने बताया की हमारे परिवार द्वारा लिया गया यह निर्णय समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है, जिससे दो व्यक्तियों को नई रोशनी मिलने की आशा बनी है।इसी के साथ, गीता भवन न्यास समिति बडनगर के डॉ. ददरवाल द्वारा 871 वाँ नेत्रदान भी सफलता पूर्वक सम्पन्न कर समिती व सोश्यल ग्रुप की ओर से नेत्रदानी नाहर को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजन को धन्यवाद प्रेषित कर प्रमाण पत्र भेंट किया। नेत्रदान अभियान की निरंतर प्रगति का प्रमाण है।

जैन सोशल ग्रुप नागदा के नेत्रदान प्रभारी ब्रजेश बोहरा के सक्रिय सहयोग से नेत्रदानी परिजनों की पूर्ण सहमति प्राप्त कर 45वाँ नेत्रदान भी संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि बढ़ती जागरूकता और परिवारों के सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण नगर में नेत्रदान अभियान गति पकड़ रहा है।इन सभी पुण्य कार्यों से अनेक नेत्रहीन व्यक्तियों को नई उम्मीद मिली है। समाजसेवा के इस अनमोल प्रयास की नगर में सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। इस पुनित सेवा कार्य में राजेश सकलेचा, राजा कर्नावट, अमित बम, अमन छोरिया मनिष भंडारी,ललित बोहरा, संजय मुरडिया, निर्मल छोरिया,विजय तांतेड, नवनित बोहरा, सुरेंद्र पितलिया, दिलीप दलाल व प्रकाशचन्द दलाल बडनगर सहित परिजनों की उपस्तिथी रही।

# भोपाल से अकोदिया पहुंचे कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जोशी, मुकेश खत्री का मनाया जन्मदिन

**नगर में जगह-जगह सहित उनके प्रतिष्ठान पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी भी पहुंचे थे जन्मदिन मनाने**



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया नगर अकोदिया के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सेवादल नगर अध्यक्ष श्री मुकेश खत्री का जन्मदिन था नगर में जगह-जगह उनका जन्मदिन मनाया जा रहा था उनके प्रतिष्ठान पर जन्मदिन मनाने का क्रम प्रारंभ हुआ जो की देर रात्रि तक जारी रहा यह 4 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सेवादल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष श्री महेंद्र जोशी भोपाल से बाय रोड़ अकोदिया स्थित खत्री निवास पहुंचे यहां सेवा दल के नगर अध्यक्ष मुकेश खत्री का सादगी पूर्वक जन्मदिन मनाया जहां श्री जोशी के साथ अनेक कांग्रेस नेता कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में मौजूद थे 4=30 बजे पत्रकार अमर सिंह मेवाड़ा भी खत्री निवास जटपुरा पहुंचे और श्री मुकेश खत्री का सादगी पूर्वक जन्मदिन मनाया इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चन्द्र मालवीय वरिष्ठ नेता इंदर बाबा परमार निर्भय सिंह यादव रवि मंडलोई अमर सिंह पत्रकार रोशन मेवाड़ा आदि ने श्री खत्री का जन्मदिन मनाया गोरतलब है है कि श्री मुकेश खत्री शाजापुर जिले के लोकप्रिय जन्म नेता महेंद्र सिंह जोशी के साथ पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं आज उनका जन्मदिन था इसलिए दिल्ली से उड़ान भर मध्य की राजधानी भोपाल व भोपाल से बाय रोड़ गाड़ी से अकोदिया पहुंचे श्री महेंद्र सिंह जोशी ने सबसे प्रथम मुकेश खत्री को साफा बांधकर माला पहनाकर जन्मदिन मना कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की आधा घंटे तक खत्री परिवार जनों से मुलाकात इस अवसर श्री जोशी के साथ वरिष्ठ नेता अशोक जी डांगा बृजमोहन विजय वर्गी सुरेंद्र राठी युवा नेता राहुल मंडलोई बुल्ला पठान जगदीश पार्षद सतीश महेश्वरी सोनू अंसल आनंद विजय वर्गी पूर्व पार्षद वारिस भाई शोएब लाल भी मोजूद थे जिसके बाद श्री जोशी ग्राम पंचायत बोलाई सहित अनेक ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर कांग्रेस परिवार जनों से मुलाकात के लिए रवाना हुई।

## निष्ठा और सेवा का सम्मान, श्री मति मणिमाला शर्मा के जन्मदिन पर साथियों ने किया अभिनंदन



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विप्रनारी शक्ति सेवा संस्था की प्रदेश प्रभारी श्रीमती मणिमाला शर्मा का जन्मदिन आज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिन समारोह में संस्था के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने विविध प्रकार के पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समारोह के दौरान संस्था की संस्थापक श्रीमती प्रमिला कैलाश शर्मा इंदौर ने प्रदेश प्रभारी मणिमला शर्मा को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट एवं निष्ठापूर्ण कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रीमती मणिमला शर्मा संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण, ईमानदारी और ऊर्जा से कार्य कर रही हैं। उनके नेतृत्व में संस्था लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रही है। विप्र महिला संगठन की जिला मीडिया प्रभारी शिवानी अग्निहोत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश इकाई के कई साथी सदस्यों ने ऑनलाइन माध्यम से भी प्रदेश प्रभारी को शुभकामनाएं भेजीं। वहीं श्रीमती पूनम शर्मा, श्रीमती संगीता उपाध्यक्ष, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती स्मृति वशिष्ठ, श्रीमती नूतन चौबे, श्रीमती किरण जी एवं श्रीमती स्मिता शर्मा सहित अनेक महिलाओं ने भी उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाइयाँ प्रेषित कीं, अंत में सभी ने मणिमला शर्मा के उज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

# विशेष गहन पुनरीक्षण के गणना चरण का कार्य 4 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश

**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने कहा है कि निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 4 दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी तीन दिवस में डिजिटाइजेशन प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस किया जाए। उन्होंने ईआरओ को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधि, बीएलए और समुदाय से चर्चा कर असंग्रहित गणना पत्रकों का अंतिम निर्णय शीघ्र लिया जाए। असंग्रहित गणना पत्रकों के संबंध में तहसीलदार और नायब तहसीलदार को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ बीएलओ ऐप पर प्रविष्टी करवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों का डिजिटाइजेशन कार्य पूरा हो गया है, वे नो मैपिंग और एएसडीआर डेटा की गुणवत्ता सुधार पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि गलत मैपिंग पाए जाने पर बीएलओ ऐप के रोलबैक विकल्प का प्रयोग किया जाए और एएसडीआर सूची को 11 दिसंबर को सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने कहा कि बुक-अ-काल विद बीएलओ और पुनरीक्षण संबंधी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर भी काम करना है। सुश्री मित्तल ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कहा कि पुनरीक्षण कार्य गुणवत्ता के साथ 4 दिसंबर तक अनिवार्यता पूरा किया जाए। इसके बाद राजस्व विभाग के मूल कार्यों, भूमि आवंटन, समय सीमा पत्रकों, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## बलवंती नदी शुद्धिकरण व कायाकल्प का काम जल्द होगा शुरू



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 11 करोड़ 11 लाख की लागत से स्वीकृत बलवंती नदी शुद्धिकरण के लिए अब जल्द काम शुरू होने वाला है। प्रोजेक्ट के तहत नदी क्षेत्र में कार्य के लिए पाईप आने शुरू हो चुके है।

नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने बताया कि नदी क्षेत्र के सर्वे रिपोर्ट उपरांत कार्य के सभी घटक पाइप लाइन , चैंबर, ट्रिटमेंट प्लांट, स्टॉप डैम, रिटेनिंग वाल आदि की ड्राइंग डिजाइन बनाई गई है। मंगलवार को पाईप की खेफ पहुंच चुकी है। जल्द ही भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की जाएगी। प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास और स्वच्छ भारत मिशन के तहत दो चरणों में पूरा होगा। पहले चरण में 3.30 करोड़ रुपए की लागत से पेटलावद रोड स्थित नागेश्वर धाम के पास बलराम धाम में सुविधायुक्त उद्यान बनेगा। दूसरे चरण में 11.11 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें नदी के दोनों किनारों पर आरसीसी पाइप 7 सौ एवं 1 हजार एमएम के डाले जाएंगे। जिससे दोनों ओर से नदी में मिल रहे दूषित जल ट्रिटमेंट प्लांट तक जा सकेगा। नदी क्षेत्र के कुल 6.4 किलोमीटर में नदी के दोनों ओर पाइप डालेंगे। इसी के साथ 220 चैंबर दोनों साइड बनेंगे। पाइप द्वारा नदी के दूषित जल के उपचार हेतु कुल 3 एमएलडी की क्षमता का ट्रीटमेंट प्लांट निर्मित होगा। जिसमे उपचारित स्वच्छ जल को नदी में रोकने हेतु एक 15 फिट उंचे स्टॉप डैम भी बनाया जाएगा। इसके अलावा नदी में जहां किनारे क्षतिग्रस्त हुए वहां आरसीसी रिटेनिंग वाल का निर्माण भी किया जाएगा।

## हजारों जगह मनाया गया श्री मेवाड़ा का जन्मदिन



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सलसलाई भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महाराणा प्रताप युवा संगठन के जिला अध्यक्ष प्रकाश जी मेवाड़ा का जन्मदिन था जहां महाराणा प्रताप चोराह बस स्टैंड स्थित हेमंत जी मेवाड़ा के न्यू ऑफिस में सादगी के साथ जन्मदिन मनाया इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह सिसोदिया युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हेमंत मेवाड़ा सरपंच बहादुर सिंह मेवाड़ा जीवन सिंह जी मेवाड़ा रमेश प्रजापत वीरेंद्र सिंह गोयल अशोक मेवाड़ा रवि मेवाड़ा रामलाल गोयल सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता का गण मौजूद थे सभी ने पपीता काटकर माला पहनाकर भगवा दुपट्टा डालकर जन्मदिन की शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की खुशी दौरान श्री बह्लू मेवाड़ा के नेतृत्व में सादगीपूर्ण जन्मदिन मनाया जहां विद्युत वितरण केंद्र के सलसलाई डीसी जेई श्री कुशवाहा पवन सिंह मेवाडा शिवनारायण जी मेवाड़ सहित अनेक सामाजिक मौजूद है।

## नशा मुक्ति एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार तथा सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक श्री पंकज साँवले के मार्गदर्शन में विभागीय योजनाओं एवं नशा मुक्ति के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। शासकीय कलापथक दल की कलाकार श्रीमती कुसुम भूरिया एवं श्रीमती सुमन सलाम द्वारा ग्राम नौगांवा, सजेली, जुलवानिया, काकनवानी, खेड़ी, पारा सहित स्कूलों एवं हाट-बाजारों में जनसामान्य को विभाग की प्रमुख योजनाओं वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, कन्या अभिभावक योजना एवं निःशक्त विवाह सहायता आदि की जानकारी दी गई।

कलाकार दल ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि जिन हितग्राहियों की पेंशन विभिन्न कारणों से रुकी हुई है, वे अपनी केवाईसी अद्यतन कराकर पुनः पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। नशा करने से लीवर, किडनी, टीबी, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और नशे की लत व्यक्ति को चोरी एवं अपराध जैसी गतिविधियों की ओर भी धकेल सकती है। कलाकारों ने संदेश दिया कि नशे से दूरी बनाएं और जीवन से प्यार करें, जिससे परिवार और समाज दोनों सुरक्षित रहेंगे।

# पुलिस थाना बघाना जिला नीमच को मिली बडी सफलता

**तीन साल से फरार 5000 रूपये के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार**



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के द्वारा पुराने अपराधो के निकाल व फरार आरोपीयो की गिरफ्तारी हेतु मे चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था, जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बघाना श्री राधैश्याम दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया जिस पर से अपराध मे तीन साल से फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने मे मिली सफलता ।घटना का संक्षिप्त विवरण - दिनांक 16.01.2023 को फरियादी नरेन्द्र जैन निवासी जैन कालोनी नीमच ने थाना बघाना पर रिपोर्ट किया कि मेरा कृषि उपज मण्डी नीमच मे ट्रांसपोर्ट का कार्य है दिनांक 07.01.2023 को मैने अपने ट्रांसपोर्ट से पीकअप वाहन क्रमांक एमपी 43 जी 4616 के चालक सुरेश नायक निवासी एरवास जिला रतलाम के वाहन मे 36 क्विण्टल 70 किलोग्राम मक्का किमती 82000 रूपये की भरकर हंस ट्रेण्डर्स ताल को भेजी गई थी जो चालक द्वारा उक्त माल संबंधित जगह न भेजकर स्वयं द्वारा विक्रय कर दी रिपोर्ट पर थाना बघाना पर धारा 420,406,407 भादवि का अपराध आरोपी सुरेश नायक निवासी एरवास जिला रतलाम के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।विवेचना के दोरान आरोपी की गिरफ्तारी हर संभव प्रयास करते आरोपी घटना दिनांक से ही फरार होकर धुलिया महाराष्ट तरफ मजदूरी व ट्रक चलाना पता चल रहा था जहाँ भी कई बार पुलिस टीम भेजकर आरोपी की तलाश करते नही मिला आरोपी की चल अचल सम्पति की जानकारी लेकर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच द्वारा 5000 रूपये की उदघोषणा जारी की गई है।

आरोपी की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला नीमच के निर्देशन मे सायबर सेल शाखा नीमच से आरोपी के मोबाईल नम्बर प्राप्त कर बार बार लोकेशन लेकर आरोपी सुरेश उर्फ सुरेन्द्र पिता परमानन्द देवडा जाति नायक उम्र 35 साल निवासी एरवास थाना ताल जिला रतलाम को दिनांक 01.12.2025 को गिरफ्तार कर अपराध के मश्रुका की बरामदगी हेतु विवेचना की जा रही है ।

सराहनीय भुमिका- निरी. राधेश्याम दांगी , उनि आर. के. सिंगावत, प्रआर 367 कैलाश चौधरी, प्रआर 407 दिलीप जाट , प्रआर. 103 मोनवीर सिंह, आर 630 ओमप्रकाश पारगी ,आर.493 कारूलाल गुर्जर , आरक्षक 603 सुनिल भट्ट व सायबर शाखा नीमच प्रधान आरक्षक 299 प्रदीप शिन्दे , आरक्षक 136 लाखनसिंह, आरक्षक 90 कुलदीप का सराहनीय योगदान रहा ।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, उज्जैन (म.प्र.)

//नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना//

क्रमांकःसम्पत्तिकर/2025/ उज्जैन, दिनांक :02.12.2025

सर्व सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि, मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अंतर्गत सम्पत्तिकर झोन कार्यालय, नगर पालिक निगम उज्जैन में नामांकन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

| झोन क्र. | वार्ड क्र. | प्र.क्र. | सम्बन्धित सम्पत्ति का पूर्ण पता (जिसका नामांकन होना है) | सम्पत्ति स्वामी का नाम | आवेदक का नाम, जिसका नामांकन होना है | नामांकन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | 4 | 1379 | B - 74, गिरीराज रतन से बी कालोनी उज्जैन | श्री राधेरातन डेव्हलपर्स प्रतिक पिता स्व. आजाद यादव | 1 संजय कुमार शर्मा पिता मांगीलाल शर्मा 2 सुधा शर्मा पति संजय शर्मा | विक्रय पत्र |
| 02 | 4 | 1380 | B - 73, गिरीराज रतन से बी कालोनी उज्जैन | श्री राधेरातन डेव्हलपर्स प्रतिक पिता स्व. आजाद यादव | 1 संजय कुमार शर्मा पिता मांगीलाल शर्मा 2 सुधा शर्मा पति संजय शर्मा | विक्रय पत्र |
| 02 | 4 | 1381 | 223, कमरी मार्ग पथ क्र. 1 उज्जैन | श्रीमती नफीसा पति अली मोहम्मद कांट्रेक्टर | 1 खेरुन्निसा बादशाह पति जुजर बादशाह 2 महमूदा बादशाह पति काईद जौहर बादशाह | रजिस्टर्ड हिबा |
| 02 | 7 | 1382 | 13, श्याम नगर कालोनी पांड्या खेडी उज्जैन | शमीउद्दीन पिता अजीज उद्दीन | नसीम बानो पति जाकीर खान | विक्रय पत्र |
| 02 | 19 | 1383 | 4/2, नजर अली मार्ग मिल्कीपुरा उज्जैन | 1 आनंद जैन पिता बागमल जैन 2 विजय जैन पिता बागमल जैन | 1 अजय उर्फ़ आनन्द जैन 2 विजय जैन पुत्रगण बागमल जैन 3 प्रिया जैन पति अजय उर्फ़ आनन्द जैन 4 सारिका जैन पति विजय जैन | सह स्वामित्व विलेख |
| 02 | 4 | 1384 | 11, श्री विष्णु सिटी कालोनी उज्जैन | श्रीमती पुष्पा कुंवर पति मनोहर सिंह राणावत | श्रीमती रेखा पति शिवपाल | विक्रय पत्र |
| 02 | 7 | 1385 | 5 गणेश कालोनी टेकरी का भाग उज्जैन | गिरीश सोनी पिता बद्रीलाल सोनी | नसीम बानो पति जाकीर खान | विक्रय पत्र |
| 02 | 4 | 1386 | 234, तिरुपति एवेन्यू कालोनी उज्जैन | सुनील कुमार गाड़िया पिता मणाकलाल जी | श्रीमती भावना शर्मा पति रवि शर्मा | विक्रय पत्र |
| 02 | 4 | 1387 | सर्वे क्र. 1506/2 का भाग शहिद नगर कालोनी उज्जैन | 1 मोहन पिता केशुराम जी 2 हरी पिता केशुराम | श्रीमती शिवकांता पति ओमप्रकाश पांचाल | विक्रय पत्र, शपथ पत्र |
| 02 | 19 | 1388 | 22/1, नजर अली मार्ग पथ क्र. 01 गली क्र. 1 मिल्कीपुरा उज्जैन | 1 अब्दुल मजीद 2 जफर उल्ला 3 सईद उल्ला पुत्रगण स्व. मसीत उल्ला 4 श्रीमती रईसा बानो 5 मोईज उल्ला 6 श्रीमती परवीन बी 7 सिफ़ाबानो 8 नसरीन बानो 9 शाहीन पुत्रगण/पुत्रिया मोहिब उल्ला | शेख अब्दुल अली पिता शेख करामत अली | विक्रय पत्र |
| 02 | 4 | 1389 | भू. 59 सर्वे क्र. 1026 व 1027 में का भाग गाँधी नगर कालोनी उज्जैन | चाँदनारायण पिता खेमा जी देसवाली | संजीदा बी पति अब्दुल शमीम खान | विक्रय पत्र |
| 02 | 6 | 1390 | 96 सर्वे क्र. 1025 पे का भाग गाँधी नगर कालोनी उज्जैन | श्रीमती बिल्कीस बी पति अब्दुल रउफ | सलीम खान पिता अब्दुल कदीर | विक्रय पत्र |
| 02 | 4 | 1391 | 87 श्री विष्णु सिटी कालोनी उज्जैन | मेसर्स तिरुपति रियल्टीज अमित पिता सुरेशचन्द्र कावडिया | मीना प्रजापत पति सतीश प्रजापत | विक्रय पत्र |
| 02 | 4 | 1392 | 88 श्री विष्णु सिटी कालोनी उज्जैन | मेसर्स तिरुपति रियल्टीज अमित पिता सुरेशचन्द्र कावडिया | मीना प्रजापत पति सतीश प्रजापत | विक्रय पत्र |
| 03 | 23 | 630 | फ्लेट 205,सेकेंड फ्लोर श्री पाल मार्ग गली क्र 1. | 1.रमेशचन्द्र पिता चम्पालाल जैन 2.चंद्रकांता पति रमेशचन्द्र | तुषार रीड पिता रमेशचन्द्र जैन | वसीयत /शपथ पत्र /मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 03 | 29 | 631 | 23,बेगमपूरा मार्ग | विक्रम पुरोहित पिता स्व.दाउ लाल पुरोहित | सचिन पुरोहित पिता स्व.विक्रम पुरोहित | शपथ पत्र /मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 03 | 23 | 632 | 19,तिलक मार्ग गली क्र.07 | नंदकिशोर पिता अम्रतलाल शर्मा | 1.सतीश माथुर 2.कमलेश माथुर पुत्रगण शिवप्रसाद | विक्रय पत्र |
| 03 | 28 | 633 | 121/1,अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग पथ क्र 01 | गौरव पिता धर्मेन्द्र गुप्ता | 1.अभिषेक खण्डेलवाल पिता दीपक खण्डेलवाल 2.दीपक खण्डेलवाल पिता गोविन्द नारायण | विक्रय पत्र |
| 03 | 33 | 634 | 126,महाकाल मार्ग | खंडेराव पिता माधव राव | 1.कुंद्रा भवर पति खंडेराव 2.नितिन भवर3.मनीषा भवर 4.वैशाली भवर पति प्रकाश राव पुत्री/पुत्रगण | शपथ पत्र /मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 03 | 28 | 635 | 31,दुकान क्र 3 महारानी लक्ष्मी बाई मार्ग | ब्रजवाला पति महेंद्र कुमार व् आदि | सचिन पारासर पिता जीवन लाल | विक्रय पत्र |
| 03 | 29 | 636 | 82,बेगम पूरा मार्ग | अजीज खां पिता सियराउद्दीन | 1.तारा बी 2.फिरोज खान 3.नासिर खान 4.रुक्साना बी 5.अमीना खान 6.अमज़द खान 7.शमा बी 8.रानी तबस्सुम शैख़ 9.जावेद खान पुत्रिया /पुत्रगण स्व.अब्दुल अजीज | शपथ पत्र /मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 03 | 33 | 637 | A,12 सर्वे क्र 3270/2/1, चिंतामन मार्ग | नवनीत मालाकार पिता डा.रामप्रसाद मालाकार | प्रेमलता त्रिवेदी पति प्रदीप त्रिवेदी | विक्रय पत्र |
| 03 | 23 | 638 | 70,दादाभाई नौरोजी मार्ग | हातिम भाई पिता फिया हुसैन /बिबन बाई पति तेय्यव अली | तय्यब अली अब्दुल्लाह पिता फ़िदा हुसैन 2.तय्यब अली अख्तर हुसैन पिता स्व हातिम भाई | शपथ पत्र /मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 03 | 24 | 639 | 7व 8, तिलक मार्ग गली क्र 10 | लीला बाई पति गजानंद | 1.कृष्णकांता पति केशवपूरी गोस्वामी 2.विष्णुकांता गोस्वामी पति श्यामपूरी गोस्वामी 3.मोहिनी गिरी गोस्वामी पति कैलाश गिरी गोस्वामी 4.विनोद पूरी पिता रामचंद्रपूरी | शपथ पत्र /मृत्यु प्रमाणपत्र |
| 03 | 27 | 640 | 28,28/10 व 28/11 फ्लेट 208,महाकाल मार्ग गली क्र.12 | रफीका बी पति मुशातक एहमद अंसारी | इरफ़ान खान पिता मुन्ना | विक्रय पत्र |
| 03 | 33 | 641 | 3,चौबीस खम्बा मार्ग गली क्र.05 | चेतनकुमार पिता रमेश चन्द्र राठौर | गायत्री पति चेतन राठौर | दानकर्ता |
| 03 | 28 | 642 | 14/3,सुभाष मार्ग | नारायणसिंह पिता मानसिंह भाटी | बहादुरसिंह पिता मानसिंह भाटी | दानकर्ता |
| 03 | 28 | 643 | 24,महाकाल मार्ग | अ.खालिक पिता छोटे खां | उर्मिला पति मनोहरलाल सोलंकी | विक्रय पत्र |
| 03 | 33 | 644 | सर्वे क्र.3262,जयसिंह पूरा मार्ग | राजू शर्मा पिता सुरेशचन्द्र शर्मा | सुरज पिता राकेश मिश्रा | विक्रय पत्र |
| 03 | 33 | 645 | 113/1/1,जयसिंह पूरा मार्ग | क्रेता काबिज कांताबाई पति स्व.सत्यनारायण | राजकुमार गुप्ता पिता स्व.सत्यनारायण गुप्ता | शपथपत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र व वसीयतनामा |

अतः उक्त नामांकन के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेख/प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति संबंधित झोन के प्रभारी सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी को प्रस्तुत करें, नियत अवधी के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

नोटः– उक्त नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना निगम की वेबसाईट http://nagarnigamujjain.org/ पर भी देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त (सम्पत्तिकर)
नगर पालिक निगम, उज्जैन
उज्जैन, दिनांक :02.12.2025

# फ्री में मिले धन पैसे और भजन उसका लाभ नहीं मिलता - पं नागर

### भागवत कथा के पहले दिन ही 32000 स्क्वायर फीट का पंडाल पड़ा छोटा, दूर-दूर से भागवत श्रवण करने पहुंचे श्रोता

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** फ्री में भजन , धन या कोई भी साधन आदमी को मिल जाता है तो वह उसका लाभ उठाता है लेकिन कथा आज संदेश देगी कि फ्री में भगवान भी मिले तो नहीं लेना चाहिए। भगवान को भी कह देना कि में कथा सुनकर ओर भजन करके ही आपको पाऊंगा यह बात पंडित कमल किशोर जी नागर ने तिलगारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस कहीं। साथ ही कहा के जीवन में मोड़ आना चाहिए परिवर्तन आना चाहिए और इससे वह बात समझ में आना चाहिए जो जीवन की बदल दे।



कर्म वह करो जिसका कर्म भी अच्छा हो फल भी अच्छा हो और परिणाम भी अच्छा हो और फल की चिंता न हो। पाप से कमाया गया पैसा पूरा वंश ले डूबता है पापों के परिणाम बहुत लंबे निकलते हैं और इसे भुगतना भी पढ़ते हैं पाप करने में समय नहीं लगता परंतु उसको भुगतने में बहुत समय लगता है इसलिए सही नियत से कार्य करना चाहिए। सन्यास लेने के लिए कपड़े बदलने की आवश्यकता नहीं होती बल्कि कर्म बदलना पड़ते हे , जरूरी नहीं कि वह गृहस्थ छोड़ें। पेड़ ऐसा लगाओ की एक बार लगाने पर सालों साल फल देता रहे ठीक उसी प्रकार भजन भी इसी प्रकार करना चाहिए जिससे भवसागर पार हो जाए।

भगवामई नगरी तिलगारा में भागवत कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकालकर शुरुआत की गई। कलश यात्रा नगर में स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गो से होती हुई करीब दो किलोमीटर स्थित भागवत कथा परिसर पहुंची उसके बाद कथा की शुरुआत हुई। भागवत कथा में आसपास सहित दूर-दूर से श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे भागवत कथा पहले ही दिन ही करीब 32 हजार स्क्वायर फीट में बना पंडाल श्रद्धालुओं से भरा।

## वन अमले की सतत गश्ती से खैर लकड़ी के अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन सहित 3 आरोपी गिरफ्तार




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 02 दिसम्बर को प्रातः लगभग 05ः45 बजे मुखबिर द्वारा वनपरिक्षेत्र अधिकारी, थांदला को खैर की लकड़ी के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्राधिकारी श्री तोला राम हटीला द्वारा वन अमले का गश्ती एवं चेकिंग दल गठित कर पेटलावद-अगराल मार्ग पर ग्राम झोसर के पास तैनात किया गया।

प्रातः लगभग 06 बजे चेकिंग के दौरान एक सफेद वाहन तेज गति से पेटलावद की ओर से आता दिखाई दिया। दल द्वारा वाहन को रोककर निरीक्षण किया गया, जिसमें वाहन क्रमांक MP05G7108 से खैर प्रजाति की गीली लकड़ी भरी हुई पाई गई। वाहन चालक ने अपना नाम आशीष पिता प्रभु भाभोर, निवासी अंतर्वेलिया, तहसील झाबुआ बताया तथा परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए।

## जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शाजापुर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक जी विष्णु नागर जी, ब्लाक समन्वयक जी बसंत रावत जी के निर्देश अनुसार सेक्टर 2 शाजापुर के परामर्शदाता मनोज श्रोत्रिय एवं ,CMCLDP/ एमएसडब्ल्यू ,छात्र, छात्रा , के द्वारा बोरी बंधन का कार्य ग्राम डेरा का तालाब पर किया गया जहां पर ग्राम से निकलने वाले नाले से व्यर्थ में बह रहे पानी को बोरी बंधान के माध्यम से रोका गया किया गया इस अवसर पर उपस्थित दीपिका तिवारी, मनोज जायसवाल , महेश टेलर, तृप्ति सोनी, प्रियंका राठौर, अनिल जी, सीमा नागर, दुर्गा सौराष्टीय, आदि विधार्थी ने श्रमदान कर लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

# मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य 4 दिसंबर तक शत प्रतिशत पूर्ण करें - कलेक्टर



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर सुश्री अंशु जावला, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ऋतु चौरसिया सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

कलेक्टर सिंह ने जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिए कि मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य 04 दिसंबर तक शत प्रतिशत पूर्ण करें। उन्होंने विधानसभावार एसआईआर कार्य की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कलेक्टर सिंह निर्देश दिए कि एसआईआर कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही ना की जाए। सभी अधिकारी एसआईआर के कार्य को पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ करें।

कलेक्टर सिंह ने शिक्षकों की ई-अटेंडेंस की जानकारी लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित शत प्रतिशत शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस लगाई जाए। ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वालों को नोटिस दें और वेतन काटने की कार्यवाही भी करें। जिला शिक्षा अधिकारी जिला स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग करें। बीएलओ में जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगी है, उन्हें छोड़ कर उन सभी शिक्षकों का वेतन रोके,जिन्होंने ई-अटेंडेंस नहीं लगाई है। उन्होंने ने अपर कलेक्टर श्री संजीव जैन को निर्देश दिए ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों का वेतन निकालने वाले ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को शोकाज नोटिस जारी करें। उन्होंने अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी को निर्देश दिए कि महाविद्यालयों में ई-अटेंडेंस की समीक्षा करें।

कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि सभी जिला अधिकारी जिले में भ्रमण के लिए रोस्टर बनाये, अपने विभाग से संबंधी कार्यो का अवलोकन करें। भ्रमण रोस्टर नहीं बनाने एवं ब्लॉक लेवल पर मॉनिटरिंग नहीं करने पर वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। जिला अधिकारी माह में कम से कम पांच दिन फील्ड में जाकर भ्रमण करें।

कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि एसडीएम अपने अपने क्षेत्र में छात्रावासों का निरीक्षण करें। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में उपलब्ध नरवाई प्रबंधन उपकरण का ग्रामवार सर्वे करें। जिससे पता चले जिले में कितनी मशीनरी उपलब्ध हैं और कितनी आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य है कि जिले में नरवाई नहीं जलनी चाहिए। सीसीबी बैंक से किसानों को ऋण उपलब्ध करा कर नरवाई प्रबंधन उपकरण क्रय कराए।कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि कृषि अधिकारी को निर्देश दिए हैं सभी कृषि संबंधित दवाई वितरण संस्थानों को पत्र जारी करें कि रबी और खरीब सीजन के दो माह पूर्व दवाइयों की जांच करवाकर, जांच का सर्टिफिकेट संस्थान में प्रदर्शित करें।

कलेक्टर सिंह ने जिला केंद्रीय सहकारी बैंक अल्पावधि ऋण वितरण की वसूली, एमपीईबी द्वारा आरडीएसएस अंतर्गत किए जा रहे कार्य, सीएम हेल्प लाइन,अभिलेख दुरुस्ती, डॉ भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना, एक जिला-एक उत्पाद, वन अधिकार पत्र दावों की स्थिति, अमृत संचय और रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्वच्छ भारत मिशन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने सीएम मॉनिट, सीएम हाउस, समाधान ऑनलाइन, सीएम डेशबोर्ड, न्यायालय में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण के निर्देश दिए।

## झाबुआ में ग्राम पंचायत विकास योजना जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पंचायत झाबुआ द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत सभागार में आज एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम Transform Rural India Foundation (TRI) के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें जनपद पंचायतों के सीईओ,जनपद पंचायत के अधिकारीगण एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को GPDP के लिए जन योजना अभियान, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर योजनाओं की अपलोडिंग, गतिविधि-आधारित बजट निर्माण और ग्राम स्तर के आंकड़ों के समन्वय की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से योजना दर्ज करने की चरणबद्ध प्रक्रिया तथा गतिविधियों के मानकीकरण को समझाया।

ग्राम विकास कार्यों के बेहतर समन्वय हेतु दो प्रमुख समितियों ब्लॉक लेवल कोऑर्डिनेशन कमेटी और ग्राम पंचायत लेवल कोऑर्डिनेशन कमेटी के गठन पर विशेष बल दिया गया।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

